चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 91 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 25 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जम्मू में पीएम मोदी का ऐतिहासिक दौरा

## पीएम मोदी ने 20 हजार करोड़ की सौगात दी, कहा- लोकतंत्र जम्मू-कश्मीर की जड़ों तक पहुंचा, ये देश के लिए मिसाल



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर पहुंचे। सांबा में पीएम मोदी ने मंच में पहुंचकर हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर लोगों का अभिवादन किया। यहां पीएम ने 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम ने कहा कि इन प्रयासों से बहुत बड़ी संख्या में जम्मू-कश्मीर के नौजवानों को रोजगार मिलेगा। मोदी सरकार में लोकतंत्र जम्मू-कश्मीर की जड़ों तक पहुंचा है। इस दौरान उन्होंने सांबा ग्राम सभा की जमकर तारीफ भी की। मैं लाल किले से सबका प्रयास बोलता हूं। पल्ली के नागरिकों ने यह करके दिखाया है, ये देश के लिए मिसाल है। आजादी का अमृत काल यानी आने वाले 25 साल में जम्मू-कश्मीर विकास की नई गाथा लिखेगा। यहां के पंच और सरपंच बता रहे थे कि यहां कार्यक्रम तय हुआ तो सरकार के लोग और कॉन्ट्रेक्टर्स आते थे, यहां कोई ढाबा नहीं है। यहां लंगर नहीं चलता है। ये लोग आ रहे हैं तो उनके खाने का क्या करें। सबने मुझे बताया कि हर घर से कोई 20 रोटी लाता और कोई 30 रोटी। 10 दिन से गांववालों ने सभी को खाना खिलाया है।

**अब कश्मीर के नौजवानों को रोजगार मिलेगा-पीएम**-मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, न ये जगह मेरे लिए नई है और न मैं आपके लिए नया हूं। मेरे लिए खुशी की बात है कि आज यहां कनेक्टिविटी और बिजली से जुड़े 20 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण हुआ है।

**शहीद के परिवार से कराएं अमृत सरोवर का शिलान्यास:** आजादी का अमृत काल भारत का स्वर्णिम काल होने वाला है, इसमें ग्राम पंचायत की भूमिका अहम है।

पंचायतों की इसी भूमिका को समझते हुए हमने अमृत सरोवर अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत हमें अगले वर्ष 15 अगस्त तक हर जिले में 75 अमृत सरोवर तैयार करने है। साथ ही ग्राम पंचायतों में जो नीम, बरगद, पीपल के पौधे हैं, उन्हें शहीदों का नाम दें। वहीं ग्राम पंचायत में किसी अमृत सरोवर का शिलान्यास करना हो तो उसे शहीद के परिवार के हाथों से करवाएं।

**दूरियां मिटाना हमारी प्राथमिकता है- पीएम:** पीएम मोदी ने कहा, जब मैं एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं, तब हमारा फोकस कनेक्टिविटी पर होता है दूरियां मिटाने पर भी होता है। दूरियां चाहे दिलों की हो, भाषा-व्यवहार की हो या फिर संसाधनों की, इनको दूर करना आज हमारी प्राथमिकता है।

**महीनेभर में कश्मीर में योजनाएं लागू हो जाती हैं:** आजादी के बाद कई साल तक कश्मीर विकास से अछूता रहा, लेकिन मोदी सरकार ने आकर बाबा साहब के सपनों को भी पूरा किया है। केंद्र की योजनाएं तेजी से लागू हो रही हैं। पहले दिल्ली से फाइल चलती थी और कश्मीर पहुंचने में 3-4 हफ्ते लग जाते थे। अब इतने समय में कश्मीर में योजनाएं लागू हो जाती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके दादा दादी को जिस मुसीबत से जीना पड़ा वो आपको और आपको बच्चों को नहीं होगीं, मेरी बात पर विश्वास करिए।




## 2020 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का संकल्प: मोदी

**मोदी** बोले- 2020 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का संकल्प है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर ने बड़ी पहल की है। हिंदुस्तान ने ग्लास्गो के संकल्प को जम्मू-कश्मीर की छोटी पंचायत पल्ली में लागू किया गया। ये पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत की तरफ आगे बढ़ रही है। इस बड़ी उपलब्धि और विकास के कामों के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे की आधारशिला रखी, रतले जल विद्युत परियोजना (850 मेगावाट) का उद्घाटन किया। साथ ही क्वार जल विद्युत परियोजना (540 मेगावाट) का भी शिलान्यास किया।

**उपराज्यपाल ने क्या कहा**-मनोज सिन्हा ने कहा कि पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में नई औद्योगिक योजना दी है।

आजादी के बाद से अब तक सिर्फ 15,000 करोड़ रुपए का निवेश था, अब हमने 52,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है जबकि 38,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन पीएम करेंगे। हमें उम्मीद है कि निवेश 70,000 करोड़ रुपए को पार करेगा। बता दें कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद पीएम का यह पहला दौरा है।

## बनिहाल-काजीगुंड रोड टनल का उद्घाटन

**पीएम** 3,100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनी बनिहाल-काजीगुंड रोड टनल का उद्घाटन किया। पीएमओ के अनुसार, 8.45 किलोमीटर लंबी सुरंग बनिहाल और काजीगुंड के बीच सड़क की दूरी को 16 किमी कम कर देगी और यात्रा के समय को लगभग डेढ़ घंटे कम करेगी।

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे के तीन रोड पैकेज की आधारशिला**-इसके अलावा, पीएम मोदी 7,500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस के तीन रोड पैकेज की आधारशिला रखी। ये 4/6 लेन एक्सेस नियंत्रित दिल्ली-कटरा-अमृतसर एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए हैं। इसके तहत ठल्-44 पर बाल्सुआ से गुरहा बैलदारन, हीरानगर; गुरहा बैलदारन, हीरानगर से जाख, विजयपुर और जख, विजयपुर से कुंजवानी, जम्मू, जम्मू से जम्मू एयरपोर्ट तक होगा।

**रातले और क्वार हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की आधारशिला**-प्रधानमंत्री रातले और क्वार हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर लगभग 5,300 करोड़ रुपए की लागत से 850 मेगावाट की रतले और 4,500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 540 मेगावाट की क्वार हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का निर्माण किया जाएगा।

## सफाई: जीएसटी परिषद ने राज्यों से कर दरों में बढ़ोतरी पर नहीं मांगी राय

**नई दिल्ली:** कर दरों में बढ़ोतरी पर राज्यों से राय मांगने को लेकर जीएसटी परिषद ने सफाई दी है। इसको लेकर सूत्रों ने रविवार को जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, जीएसटी दर को बेहतर बनाने के लिए विचार कर रहे मंत्रियों के पैनल को अभी अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंपना है, इसके बाद ही जीएसटी परिषद कर की दर को लेकर कोई निर्णय करेगा। इसके साथ ही सूत्रों ने यह भी बताया कि कर की दरों में बढ़ोतरी के लिए राज्यों से जीएसटी परिषद ने विचार नहीं मांगा है। इसके अलावा आधे से ज्यादा वस्तुओं को 28 प्रतिशत के सबसे ज्यादा जीएसटी स्लैब में स्थानांतरित करने का भी कोई प्रस्ताव नहीं है। गौरतलब है कि बीते साल जीएसटी परिषद ने राज्य मंत्रियों का एक पैनल गठित किया था, जिसका अध्यक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को बनाया गया था। राज्य मंत्रियों का ये पैनल कर दरों को युक्तिसंगत बनाकर राजस्व बढ़ाने के तरीकों का सुझाव देगा।

## पुलवामा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, तीन दहशतगर्द मारे गए

**श्रीनगर:** पुलवामा के पाहू इलाके में रविवार दोपहर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। अन्य की तलाश जारी है। सुरक्षाबलों ने उन्हें घेर रखा है। दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। सुरक्षाबलों चौकसी के साथ आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों के मौजूद होने के बाद ऑपरेशन चलाया गया है। इससे पहले



शनिवार की शाम दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी दहशतगर्द समेत दो को मार गिराया है। तीन दिनों में घाटी में दो अलग-अलग मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने छह आतंकियों का काम तमाम कर किया। दो एके-47, सात मैग्जीन, नौ ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि जिले के मीरहामा इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया था।

## 'सपा आजम खान के साथ है, जमानत के लिए प्रयास करेंगे'

**लखनऊ:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खां विवाद पर पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पूरी समाजवादी पार्टी आजम खां के समर्थन में खड़ी है। हम उनकी जमानत के प्रयास करेंगे। वहीं, सपा प्रतिनिधिमंडल के आजम से सीतापुर में मुलाकात न होने पर अखिलेश ने कहा कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव आजम खां से मिलने के लिए जेल पहुंचे थे। अखिलेश यादव आजम की जमानत के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं। अगर सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव प्रदर्शन करते तो जरूर आजम को जमानत मिल जाती पर इसके लिए प्रयास नहीं किए गए।

## पहले लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किए गए प्रधानमंत्री मोदी

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मुंबई में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को प्रथम लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि संगीत से आप में वीररस भरता है। संगीत मातृत्व और ममता की अनुभूति करवा सकता है। संगीत आपको राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यबोध के शिखर पर पहुंचा सकता है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमने संगीत की इस सामर्थ्य को, इस शक्ति को लता दीदी के रूप में साक्षात देखा है। उन्होंने कहा कि लता दीदी मेरी बड़ी बहन थीं। पीढ़ियों को प्रेम और



भावना का उपहार देने वाली लता दीदी की तरफ से हमेशा एक बड़ी बहन जैसा अपार प्रेम मुझे मिला है। इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है। कई दशक बाद ये पहला राखी का त्योहार आएगा, जब दीदी नहीं होंगी।

**प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर दी थी जानकारी:** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि वे रविवार को इस सम्मान को प्राप्त करने मुंबई जाएंगे। उन्होंने कहा था कि वे लता दीदी के नाम से जुड़े इस सम्मान को प्राप्त करके बहुत आभारी हैं। लता दीदी ने हमेशा एक मजबूत समृद्ध भारत का सपना देखा और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया।

## 10 जनपथ में दिग्गी कमबैक :ढङ की एंट्री और भाजपा से मुकाबले की रणनीति में शामिल

**नई दिल्ली:** 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस हाईकमान पार्टी में बड़े फेरबदल की तैयारी में जुटा है। पार्टी में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की एंट्री को लेकर सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर पिछले एक हफ्ते से बैठक हो रही है। इस मीटिंग में सोनिया और प्रियंका गांधी समेत कई नेता शामिल हैं। दिग्विजय सिंह को भी सोनिया ने इस मीटिंग में बुलाया है। 2017 के बाद दिग्गी की 10 जनपथ में वापसी को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। दरअसल, पूरे पांच साल बाद दिग्विजय कांग्रेस के किसी बड़े फैसले में शामिल हो रहे हैं। 2017 में गोवा के प्रभारी रहते हुए कांग्रेस की सरकार न बना पाने के बाद दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था।

## मन की बात: पीएम ने जल संरक्षण का दिलाया संकल्प

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, साथियों, देश के प्रधानमंत्रियों के योगदान को याद करने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव से अच्छा समय और क्या हो सकता है। देश के लिए यह गौरव की बात है कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जन-आंदोलन का रूप ले रहा है।

## लखीमपुर खीरी: आशीष मिश्र ने किया सरेंडर

**लखीमपुर खीरी:** तिकुनिया हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से हाईकोर्ट की जमानत रद्द करने के बाद रविवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के बेटे और मुख्य आरोपी आशीष मिश्र ने एक दिन पहले ही सरेंडर कर दिया। नाटकीय घटनाक्रम के तहत चुपचाप सदर कोतवाली की जीप से आशीष मिश्र को जिला जेल ले जाया गया। जबकि, वारंट तिकुनिया थाने में भेजा गया था। रविवार को गुपचुप तरीके से रिमांड मजिस्ट्रेट कर आशीष मिश्र को



कचहरी से ही जिला जेल भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्र को 25 अप्रैल तक सरेंडर करने के आदेश दिये थे। उधर, 26 अप्रैल को ही जिला अदालत में आशीष मिश्र पर आरोप तय करने को लेकर सुनवाई लगी है।

**26 अप्रैल को जिला अदालत में होगी सुनवाई:** सुप्रीम कोर्ट से जमानत आदेश रद्द होने के बाद प्रमुख आरोपी आशीष मिश्र मोनू को एक सप्ताह की मोहलत मिली थी, जो 25 अप्रैल सोमवार को समाप्त हो रही थी। एक दिन पहले मंत्री के बेटे ने सरेंडर कर दिया। वहीं, इससे पहले अधिवक्ताओं ने बताया था कि 25 अप्रैल को आशीष मिश्र मोनू सिविल कोर्ट मे उपस्थित होकर आत्मसमर्पण करेगा। उसके बाद 26 अप्रैल को जिला अदालत में आशीष मिश्र पर आरोप तय करने को लेकर सुनवाई है।

## हनुमान चालीसा पर महाभारत

### सांसद नवनीत राणा और उनके पति को 14 दिनों की जेल, शिवसेना के 6 कार्यकर्ता भी गिरफ्तार



**मुंबई:** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पाठ पढ़ने पर अड़ीं अमरावती की सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को बांद्रा कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जमानत पर सुनवाई अब 29 अप्रैल को होगी। बता दें कि मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा का पाठ करने पर अड़ीं अमरावती से सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को बीते शनिवार को मुंबई पुलिस ने खार इलाके से गिरफ्तार किया था। रिमांड की कार्यवाही के दौरान नवनीत राणा और रवि राणा की ओर से अधिवक्ता रिजवान मर्चेंट पेश हुए। पुलिस ने सांसद नवनीत राणा और रवि राणा को धारा 153 अ के तहत यानी धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के मामले में गिरफ्तार किया था।

**मुंबई पुलिस ने शिवसेना के 6 कार्यकर्ताओं को किया गिरफ्तार**

मुंबई पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनीत और रवि राणा के आवास के बाहर हंगामा करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कल पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने के बाद खार पुलिस ने शिवसेना के 6 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**नवनीत राणा और उनके पति के खिलाफ एक और मामला दर्ज**

एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुंबई पुलिस ने निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में धारा 353 के तहत एक और मामला दर्ज किया गया है। जिसमें दोनों पति-पत्नी के ऊपर लोक सेवक को कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए आपराधिक बल प्रयोग करने का आरोप लगा है। पुलिस ने शनिवार को मुंबई में राणा के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने पर शिवसेना के कई कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की है।

## दलबदल विरोधी कानून: उप राष्ट्रपति नायडू ने खामियों पर जताई चिंता

### दलबदल विरोधी कानून में कई कमियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है ताकि विधायकों-सांसदों को अपने निजी हित साधने के लिए एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने से रोका जा सके

**बेंगलुरु:** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रविवार को दलबदल विरोधी कानून में विसंगतियों को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। नायडू बेंगलुरु के प्रेस क्लब में 'नए भारत में मीडिया की भूमिका' विषय पर लेक्चर दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि दलबदल विरोधी कानून में कई कमियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है ताकि विधायकों-सांसदों को अपने निजी हित साधने के लिए एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने से रोका जा सके। चयनित प्रतिनिधियों को पहले इस्तीफा देना चाहिए और फिर दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए।

नायडू ने कहा, 'अगर कोई चयनित प्रतिनिधि पार्टी छोड़ना चाहता है तो पहले उसे अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और फिर से चनयित होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अब वह समय आ गया है जब हमें सच में इस कानून में संशोधन करने चाहिए क्योंकि इसमें कई कमियां हैं।

**मामलों में कई वर्षों की देरी होने पर जताई नाराजगी:** इसके साथ ही उन्होंने वक्ताओं, अध्यक्षों और अदालतों की ओर से दलबदल



विरोधी मामलों को वर्षों तक घसीटे जाने पर भी नाखुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि चेयरमैन और स्पीकर को दलबदल पर फैसला लेने की शक्ति दी गई है, लेकिन अधिकांश मामलों में इनका प्रभावी उपयोग नहीं होता। कानून में स्पष्टता होनी चाहिए और पीठासीन अधिकारी या स्पीकर समेत अदालतों के लिए एक समयसीमा तय होनी चाहिए कि दलबदल के मामले में अधिकतम छह महीने में फैसला हो जाना चाहिए। मैं निजी तौर पर महसूस करता हूं कि यह काम तीन माह में हो सकता है।

**'स्थानीय निकायों को सशक्त करना बहुत आवश्यक':** पंचायत राज दिवस (24 अप्रैल) भी है। इसे लेकर नायडू ने स्थानीय निकायों को सशक्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये भारतीय लोकतंत्र के त्रिस्तरीय प्रशासन का हिस्सा हैं। इन निकायों के लिए राशि, कार्य और कार्य करने वाले लोग व संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

## पुलिस बचाने नहीं आएगी, कोल्ड ड्रिंक की पेटी और तीर कमान रखनी होगी: साक्षी

**उन्नाव:** उत्तर प्रदेश की उन्नाव लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने एक बार फिर फेसबुक पर भड़काऊ पोस्ट लिखा है। उन्होंने एक वर्ग विशेष की तस्वीर लगाकर विवादित पोस्ट की है। उन्होंने लोगों को घर में कोल्डड्रिंक की बोतलें व ओरिजिनल तीर कमान रखने की सलाह दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लोगों से पूछा कि आपके गली-मोहल्ले या आपके घर पर अचानक से ये भीड़ आ जाए, तो इससे बचने का कुछ उपाय है आपके पास! अगर नहीं हैं, तो कर लीजिए।

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती

**प्रयागराज।** स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा का 103वां जन्मदिवस समारोह 25 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के जिलाध्यक्ष संत प्रसाद पांडेय ने बताया कि 25 अप्रैल को फायर ब्रिगेड के सामने स्थित पार्क, सिविल लाइंस में सुबह सात बजे से साढ़े नौ बजे तक हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के तत्वावधान में ह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्व के रूप में जयंती मनाई जायेगी।

### जंघई पावर हाउस का ट्रांसफार्मर एक हफ्ते से खराब होने से अंधेरा

**जंघई।** भोगीपुर सेमरी गांव का ट्रांसफार्मर पिछले एक हफ्ते से खराब पड़ा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार किया परंतु किसी पर कोई असर नही हो रहा जेई जंघई कहते हैं कि अब सभी शिकायत ऑनलाइन हो चुकी है आप लोग ऑनलाइन शिकायत करें। ग्रामीणों को इस उमस भरी गर्मी में काफी दिक्कत हो रही है लेकिन ट्रांसफर को बिजली विभाग द्वारा ठीक नहीं किया जा रहा जिसमें ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस : पंचायतों में ग्रामीणों की हुई जनसभा



पंचायत भवन पर ग्रामीणों से बात करते अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक के कई पंचायतों के पंचायत भवन पर रविवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। उसरही, सराय लाल खातून, बाहर सराय, बडनपुर, सराय वृसिंह उर्फ बाहर सराय बहोरिकपुर आदि दर्जनों गांवों में 24 अप्रैल के दिन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सभी को जागरूक करने के लिए गांवों के मुनादी कराई गई। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग खुली बैठक में प्रतिभाग कर सकें। उसरही ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी अन्नपूर्णा शुक्ला, शिवगढ़ और बाहर सराय में सचिव अखिलेश कुमार व बडनपुर के सचिव मिथलेश कुमार तथा बहोरिकपुर की सचिव रितुप्रिया ने राष्ट्रीय पंचायती राज के बारे में विस्तार से बताए। तथा मौजूद रहे ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किए। सचिव अखिलेश कुमार व अन्नपूर्णा शुक्ला सहित सभी लोगों ने नागरिकों को यह संदेश दिए कि सरकार की हर योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा जो भी व्यक्ति पात्र हो उसका लाभ उठाए। तहसील और ब्लॉक का चक्कर न लगाएं। बल्कि ग्राम पंचायत में नियुक्त पंचायत सहायक को जन्म प्रमाण पत्र संबंधी, मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी,जानकारी 21 दिन के अंदर पंचायक सहायक को दे दें। तथा कुटुंब रजिस्टर संबंधी कोई योजनाए या कोई भी कागजात बनवाना हो तो संबंधित ग्राम पंचायत भवन पर देकर समय अंतर्गत काम पूर्ण कराए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सोरांव धीरेंद्र कुमार यादव, ग्राम प्रधान मनोरमा देवी, प्रधान पति राम गणेश मौर्य, प्रधान शिवगढ़ संजय कुमार यादव, प्रधान उसरही सीता देवी, प्रधान पति अवधेश कुमार कुशवाहा, शमशेर बहादुर,पंचायत सहायक उर्मिला देवी कुशवाहा, सफाई कर्मी, आंगनवाड़ी, आशा, तथा गांव के संभ्रांत लोगों ने उक्त राष्ट्रीय दिवस पर भाग लिया।

## अप्रैल 2022 का 13वां राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया गया



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा ग्रामपंचायत बरी में ग्रामपंचायत सभागार में 24 अप्रैल 2022 का 13वां राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया गया। पंचायती राज दिवस पहली बार 24 अप्रैल 2010 को मनाया गया था। यह दिन 1992 में संविधान के 73वें संसोधन के अधिनियम का प्रतीक हैं। इस इतिहासिक संसोधन के जरिये जमीनी स्तर की शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया गया। और पंचायती राज का नाम की एक संस्था की बुनियाद रखी गई। आज नेशनल पंचायती राज दिवस हैं। कहा जाता हैं कि भारत का दिल उसके गांवों में बसता हैं। और देश की समृद्धि उसके गांवों से ही हैं। पंचायती राज का तातपर्य स्वशासन से है। और यह व्यवस्था शासन के विकेंद्रीकरण के तहत की गई हैं।गांवों के देश भारत मे ग्रामपंचायत सबसे अहम हैं। ग्रामीण भारत के लिए सरकारे तमाम योजनाएं इन्ही पंचायतों के जरिये चलती हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामप्रधान श्रीमती प्रेमा देवी भारतीय ग्रामपंचायत बरी, अखिलेश चन्द्र पांडेय (संजय) पूर्व प्रधान ग्रामपंचायत बरी, जय शंकर यादव (बबलू) क्षेत्र पंचायत सदस्य बरी एवं गोशौरा, प्रधानप्रतिनिधि रमाशंकर सिंह यादव ग्रामपंचायत बरी, रमाशंकर पांडेय पूर्व उपप्रधान ग्रामपंचायत बरी, कैलाश नाथ पांडेय, त्रिलोक नाथ पाण्डेय, रामप्यारे यादव (मुनीम जी), दया शंकर विश्वकर्मा, कमलेश कुमार यादव, गुलशन यादव, अवधेश यादव, रचित विश्वकर्मा, भीम यादव, अमर जीत भारतीय, विजीता गौतम पंचायत सहायक, मुलायम सफाई कर्मी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं एवं ग्रामीणों के काम काज अब गांव स्तर पर निपटाए जायेंगे : बीडीओ

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी करछना रामविलास राय ने कहा कि गांव का प्रत्येक नागरिक अपने गांव में एक- एक वृक्ष लगाकर गांव को हरा-भरा कर सकता है और गांव में गाँव में पेयजल अमूल धरोहर है उसे सवारने की जरूरत है इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय पंचायती दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यो की ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने आए हुए गांव के सभी सम्मानित नागरिकों को पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया वहीं पर सहायक विकास अधिकारी रामेश्वरसिंह पंचायत एडीओ विवेक कुमार मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार पांडे ने ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य को निपटाए जाने के दिशा निदेशों का समय से लागू करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर मिथिलेश द्विवेदी राजकुमार पटेल अमरनाथ द्विवेदी अनिल शुक्ला अवधेश पांडेय, सहायक सचिव आकांक्षा पांडेय, अतुल मिश्रा, अनिल मनोज पाण्डेय, हर्ष नारायण, सबिता सिंह, रीता देवी, मुन्न , मेनका पांडेय, पंचायत सचिव कमल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

करछना के पुरैनी गांव में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस कार्यक्रम संपन्न



## ग्राम पंचायत सदस्यों सहित गणमान्य लोगों को प्रमुख ने पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया



प्रमुख करछना पुरैनी गांव में इंटर लाकिंग सडक का लोकार्पण करते

**करछना।** पंचायतीराज दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम सभा पुरैनी वि.ख. करछना प्रयागराज के प्राथमिक विद्यालय हासिमपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी द्वारा नव निर्मित इंटरलाकिंग मार्ग का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान पुरैनी मंजू पांडेय प्रतिनिधि सुरेश पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी राम विलास राय ,सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, रामेश्वर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी कमल सिंह ,जिला ग्राम प्रधान संघ के उपाध्यक्ष अनिल शुक्ल , ग्राम प्रधान रामपुर जितेंद्र द्विवेदी ,ग्राम प्रधान मनैया अमरनाथ द्विवेदी, ग्राम प्रधान महोरी राजकुमार पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि मिथिलेश द्विवेदी, प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी अवधेश पाण्डेय, पंचायत सहायक आकांक्षा पाण्डेय, रोजगार सेवक मनोज पाण्डेय,प्रधानाध्यापक प्रमोद मिश्रा ,संदीप पाण्डेय, मनोज पाण्डेय समेत सभी ग्राम पंचायत सदस्य, आशा कार्यकर्ती आंगनबाड़ी कार्यकत्री, श्याम देवी, समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख ने पंचायती राज के महत्व और ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के कार्यो की भूमिका के विषय में लोगो को जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी ने पंचायती राज में जनता को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा,अतुल मिश्रा, ने ग्राम पंचायत के द्वारा किये जाने वाली प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी।अतिथियों का स्वागत प्रधान पुरैनी सुरेश पाण्डेय ने किया सभा का संचालन ग्राम प्रधान गडेवरा अनिल शुक्ल ने किया।

# भाजपा : जिला स्तरीय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

## भारत के इतिहास में भारतीय जनता पार्टी की गाथा संघर्षो से भरी है : अनामिका चौधरी , सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अपनाकर पं.दीनदयाल के विचारों को पूरा कर रही भाजपा : रणजीत कुशवाहा

अखंड भारत संदेश






**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा जिला स्तरीय तीन दिवसीय यमुनापार का पूर्ण आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ रविवार जेपीएस महाविद्यालय गौहनियां में हुआ। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्रदेश मंत्री मुख्य वक्ता अनामिका चौधरी व जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ,जिला प्रक्षिक्षण प्रमुख त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डां.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए वन्देमातरम् गायन से किया। उद्घाटन सत्र मे भाजपा का इतिहास और दूसरे सत्र हमारा विचार परिवार को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने कहा भारत के गौरवशाली इतिहास मे भारतीय जनता पार्टी की गाथा संघर्षो से भरी है। लाखों-करोडो.कार्यकताओं के त्याग तपस्या बलिदान के बल पर राजनीति को एक दिशा दी। तीसरा सत्र 2014 के बाद आया युगांतरकारी परिवर्तन पैराडाइम शिफ्ट और चौथा सत्र बदली हुई परिस्थितियों में भाजपा का दायित्व भाजपा के वैशिष्ट्य की समझ के विषय को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सह-संयोजक विधि प्रकोष्ठ मुख्य वक्ता रणजीत कुशवाहा ने कहा वसुधैव कुटुम्बकम् सनातन धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है जो सभी वर्गों को स्वीकार था। वह धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही थी। भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अपनाकर पं.दीनदयाल के विचारों को पूरा करने का लक्ष्य रखा। भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में 2014 से दलितों, पीड़ितों, वंचितों के लिए कार्यकर डाँ अम्बेडकर के सपनों को साकार कर उत्थान और विकास कर विश्व मे भारत का मान-सम्मान बढाया है।

पांचवां सत्र भारत की मुख्य विचार धारा-हमारी विचारधारा के मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवदत्त पटेल ने कहा प्रशिक्षण से कार्यकर्ता के व्यक्तित्व का निर्माण होता है । जिससे संगठन को लक्ष्य प्राप्ति में सहायता मिलती है। भाजपा के कार्यकर्ता सिर्फ राजनीति कार्यक्रमों में ही नहीं बल्कि समाज सेवा में भी हमेशा प्रथम पंक्ति में खड़े रहते हैं। सभी अतिथियों का जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत अभिनंदन कर आभार जताया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला प्रक्षिक्षण प्रमुख त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ,जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य,जिला महामंत्री राजेश शुक्ल, विजय शंकर शुक्ला, पुष्पराज सिंह पटेल ने अलग-अलग सत्रों में किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा आकांक्षा सोनकर, अश्वनी सिंह, रमाकांत विश्वकर्मा, अशोक चौधरी, अरुण सिंह, सुधाकर पाण्डेय, कुशल जैन, सुभाष सिंह, सविता मिश्रा, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, शतीश विश्वकर्मा, शांती पांडेय, लल्लू कन्नौजिया आदि के साथ जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठ, विभाग के संयोजक, सह-संयोजक भारी संख्या में जिला प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन के पांच सत्रो मे उपस्थित रहे।

## वीके बघाडिया अध्यक्ष व सुधीर बने सचिव

**झूंसी।** अंदाव में रविवार को पासी समाज विवाह कल्याण समिति की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ता प्रकोष्ठ का गठन किया गया। अधिवक्ता प्रकोष्ठ के द्वारा समाज के लोगो को विधिक पूर्वक न्याय दिलाने का संकल्प लिया गया।

पासी समाज विवाह कल्याण समिति की बैठक में अधिवक्ता प्रकोष्ठ का गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष एडवोकेट वीके बघाडिया, सचिव एडवोकेट सुधीर भारतीया, एवम सलाहकार एडवोकेट समर बहादुर, मार्गदर्शक मंडल में एडवोकेट माताफेर, रामसिंह, रामअभिलाष, प्रेमचंद, पी सरोज जी को मनोनीत किया गया । इस अवसर पर प्रखर नरेश, जगलाल सरोज, अधिवक्तागण काजल सिंह, महेश कुमार , वैभव, भाष्कर पासवान, रामखेलावन, रमेश कुमार, सत्यप्रकाश, सुधीर कुमार, बृज कुमार, राहुल, गुलाब, इंद्रभान, बड़ेलाल, अनिल कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम ने मनाया पृथ्वी दिवस

## पारिस्थितिकी तंत्र जीवन की गुड़वत्ता और अस्तित्व के लिए आवश्यक : अनिल कुमार

अखंड भारत संदेश




पृथ्वी दिवस पर निगम परिवार में वृक्षारोपण करते मु०का०अ० अनिल कुमार

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में शुक्रवार को ष्पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ऊर्जा निगम के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने ने कहा कि जिस पारिस्थितिकी तंत्र में हम रहते हैं वह मनुष्यों और अन्य सभी प्रजातियों के लिए प्राकृतिक सेवाएं प्रदान करता है जो हमारे स्वास्थ्यए जीवन की गुणवत्ता और अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं। इसलिए यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करें और मेजा ऊर्जा निगम अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से सतत विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पीयूष कुमार महाप्रबंधक ओ एंड एम संजय शुक्ला महाप्रबंधक मैकेनिकल इरेक्शन प्रदीप कुमार साबतए महाप्रबंधक संविदा और सामग्रीद्धए गुरु प्रसाद सिंह महाप्रबंधक मेंटेनेंस अजीत बसकए महाप्रबंधक प्रचालन अरविंद प्रकाश भारतीए उप महाप्रबंधक पर्यावरण प्रबंधन सौरभ कुमार पाठक वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण प्रबंधन के अलावा मेजा ऊर्जा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अमन और मोहब्बत का संदेश देता है कुरान : मुफ्ती फजलुरहमान कासमी इलाहाबादी

मऊआइमा स्थित जामा मस्जिद आजमपुर में तरावीह कुरान मुकम्मल



**मऊआइमा।** कुरान अल्लाह की तरफ से अवतारित अत्यंत पवित्र पुस्तक है। कुरान में अल्लाह ने सच्चाई और अमन शांति का संदेश दिया है। उक्त बातें मऊआइमा स्थित जामा मस्जिद आजमपुर में तरावीह मे कुरान के मुकम्मल होने पर मुफ्ती फजलुर्रहमान ने कही, ।उन्होंने कहा कुरान झूठ फरेब लोगों को तकलीफ देने धोखा देने से सख्ती से मना करता है ।उन्होंने कहा कुरान को सही अंदाज में पढ़ने की कोशिश करें ।कुरान किसी हाफिज यह आलम को पढ़कर सुनाएं ताकि मालूम हो सके की कुरान दुरुस्त भी है या नहीं मुफ्ती कासमी ने कहा की कुरान को समझने की भी कोशिश करें उन्होंने कहा कुरान में अल्लाह ने जीवन से लेकर मृत्यु तक हर क्षेत्र में रहनुमाई फरमाइए, उन्होंने कहा इंसान कुरान के आदर्शों पर चलकर सफलता के ऊंचाई तक पहुंच सकता है उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि कुरान की शिक्षा को आम करें कुरान आपसी भाईचारा प्रेम गरीबों की सेवा करने का संदेश देता है ।मुफ्ती फजलुर्रहमान ने कहा पवित्र रमजान के शेष बचे हुए दिनों की कदर करें ज्यादा से ज्यादा इबादत करें इस अवसर पर देश और प्रदेश की तरक्की खुशहाली उन्नति आपसी भाईचारे के लिए खासतौर से दुआ की गई ।शायर अफजाल इलाहाबादी ने इस मौके पर अपने उम्दा कलाम से लोगों को दिल जीत लिया, भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जल निगम की पाइप टूटने से सड़क गड्ढे में तब्दील



**जंघई।** अष्टभुजा गेट जंघई से जंघई दुबान जाने वाली सड़क पर जगह जगह जल निगम की पाइप लाइन टूट गई है जिसके कारण पानी बह रहा है और सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बार बार जल निगम एवं लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई लेकिन न तो जल निगम की पाइप लाइन ठीक करवाई जा रही है न ही टूटी हुई सड़क जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा हमेशा लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं इससे आम लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### जंघई मुंगराबादशाहपुर मार्ग जीर्ण शीर्ण आवागमन बाधित



**जंघई।** जंघई मुंगराबादशाहपुर मार्ग पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है 20 किमी लंबाई की यह सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है रोज दुर्घटना होती है। सड़क पर वाहन रेंगते हुए चलते हैं 20 से अधिक स्पीड गाड़ी नहीं चल सकती इतने अधिक गड्ढे हैं। बावजूद इसके प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान सड़क के गड्ढों पर नहीं जा रहा जिसके कारण आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

### प्रयाग सेवा संस्थान ने सम्पन्न कराई निशुल्क प्रतियोगिता



**जसरा।** विकास खंड जसरा में प्रयाग सेवा संस्थान की ओर से चलाये जा रहे निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अन्तिम दिन रविवार को शंकरलाल पब्लिक स्कूल जसरा में 300 बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने किया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र, रावेन्द्र तिवारी,अमित शुक्ल, आलोक पाठक, गोपालू शुक्ला,सत्यम,आशीष,बीओपीआरडी देवांशिका सिंह,प्रधान आशीष सोनकर,सूरज यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बारा थाने का नफर वारंटी गिरफ्तार



**बारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के अनुपालन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बारा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह उप निरीक्षक प्रशिक्षु विवेक कुमार गुप्ता कांस्टेबल जैकम के द्वारा तलाश एवं दबिश देने के क्रम में मुखबिर की सूचना पर नफर वारंटी जीत लाल केवट पुत्र राम सुख केवट निवासी मुजरा पिपरा व थाना बारा जनपद प्रयागराज को संबंधित मुकदमा नंबर 524/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम माननीय न्यायालय जेएम ३ प्रयागराज को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया

### एसडीएम एवं सीओ ने सहर्ष स्वीकार किया महाप्रसाद



**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड प्रतापपुर गंगापार प्रयागराज द्वारा नववर्ष बधाई संदेश पत्र एवं श्री धाम अयोध्या जी का महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्ष हंडिया को प्रखंड के कार्यकताओं द्वारा महाप्रसाद एवं नववर्ष बधाई संदेश पत्र प्रदान किया गया।प्रसाद ग्रहण कर उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्ष हंडिया ने भी नववर्ष की मंगल कामना के साथ बधाई दिया और बड़े ही श्रृद्धा,भाव से प्रसाद को ग्रहण करके मस्तक पर लगा कर प्रसाद को खाया और उपस्थित लोगों में बितरण भी किया।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, उपाध्यक्ष प्रभात सोनी, सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक",मंत्री किशन पाठक, बजरंगदल संयोजक बृजेश यादव शेरा, रोहन शुक्ल, देवेन्द्र दुबे अनिल, माधवेन्द्र मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

### करछना में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया



**करछना।** प्रयागराज विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन करछना में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट के अध्यक्षता में एवं सचिव प्रीति शुक्ला वह गांव के सदस्यों गणमान्य लोगों रोजगार सेवक आदि के उपस्थिति में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत गांव में होने वाले विकास कार्यों से संबंधित जानकारी दी गई जिसमें पंचायत भवन में कंप्यूटरीकृत से सभी कार्य गांव स्तर की जानकारी एकत्रित कर सभी समस्याएं गांव स्तर पर निस्तारित किए जाने का सुझाव दिया गया और बताया गया कि ग्राम पंचायत भवन कंप्यूटरीकृत कर दिया गया है जिसमें सभी प्रकार के कार्य पंचायत स्तर पर निस्तारित किए जाएंगे तथा गांव को स्वच्छ एवं जल एवं वृक्ष लगाए जाने पर विशेष जोर दिया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के लोग व गणमान्य उपस्थित रहे।

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव रख किया चक्काजाम



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर फोर लेन पर शव रखकर चक्काजाम करते

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** संदिग्ध हालात में शनिवार को दोपहर में विवाहिता फांसी के फंदे पर झूल कर आत्म हत्या कर ली।पुलिस ने पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को जब चीरघर से विवाहिता का शव मऊआइमा के हरिसेनगंज फोर लेन पर पहुंचा तो ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देर शाम तक चक्का जाम कर दिए। प्रतापगढ़ और प्रयागराज मार्ग पर सैकड़ों वाहन फंसे रहे। अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण शव लेकर अन्तिम संस्कार के लिए गांव लेकर चले गए।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी मिठाई लाल ने अपनी पुत्री मनीता देवी 22 वर्ष की शादी इसी थाना क्षेत्र के ग्राम धनपारी का पूरा निवासी मुकेश कुमार के साथ 2019में किया था। बताते हैं कि इन दिनों घर के पुरुष ईट भठठे पर काम पर गए हैं। शनिवार को मनीता देवी ससुराल में फांसी के फंदे पर झूल कर आत्म हत्या कर ली। मृतका मनीता के पिता ने दहेज के कारण मनीता को मार कर फांसी पर लटका देने का आरोप लगाते हुए मऊआइमा थाने में मनीता के पति मुकेश कुमार, ससुर दातादीन ,सास सुनीता देवी ,नन्द बिटान ,देवर रमेश कुमार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है । रविवार को मनीता का शव पोस्टमार्टम के बाद जब फोर लेन प्रयागराज और प्रयागराज मार्ग पर पहुंचा तो ग्रामीण शव रख कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिए। दोनों ओर सैकड़ों वाहनों का कतारें लग गई। मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों और पीएसी के आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त कर शव का अन्तिम संस्कार के लिए जमखुरी गांव लेकर चले गए।

## मंडी में गेंहू बेंचने गये किसान की लू लगने से मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** स्थानीय कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव निवासी नौजवान किसान की लू लगने से दुःखद मृत्यु हो गयी।प्राप्त जानकारी अनुसार आज सुबह पसना गांव निवासी राजेश सिंह उम्र 37 वर्ष पुत्र कमलभान सिंह अपने ट्रैक्टर से गेंहू लादकर बेंचने हेतु लेडियारी गल्ला मंडी में गांव के अन्य किसानों के साथ गया था। दोपहर मंडी पहुचने के कुछ ही देर बाद राजेश गश खाकर गिर पड़ा,साथ गये लोगों के द्वारा मुंह पर पानी के छीटे मारने के बावजूद शरीर मे कोई हरकत न होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव लाने पर चिकित्सकों ने राजेश को मृतक घोषित कर दिया। साथ गये अन्य किसानों के अनुसार सम्भवतःराजेश को ट्रैक्टर पर तेज धूप एवं लू लग गयी,जिससे उसे चक्कर आ गई। मृतक राजेश की पत्नी रागिनी सिंह का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।मृतक को एक पुत्र आयुष 13 वर्ष एवं एक पुत्री आस्था सिंह उम्र 9 वर्ष हैं।



गेहूं की बोरी पर मृत पड़ा किसान।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होते हुए बाइक चालक अधेड़ को मारी टक्कर बाइक चालक अधेड़ की मौके पर ही हुई मौत। घटना बारा थाना क्षेत्र के डिहवा गांव के पास घटी। जहां पर चाकघाट से प्रयागराज की तरफ जा रहे बाइक चालक को पीछे से आ रहे ट्रक ने अनियंत्रित होते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के द्वारा जहां ट्रक चालक को ट्रक सहित पकड़ कर पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची बारा पुलिस के द्वारा जहां मृतक के पास से मोबाइल व आधार कार्ड बरामद करते हुए मृतक की पहचान रामकुमार साहू पुत्र स्वर्गीय केवला प्रसाद उम्र 55 वर्ष निवासी कटरा कला थाना जनेह जनपद रीवा मध्य प्रदेश के रूप में हुई। वहीं बारा पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को मृतक के ही मोबाइल से ही फोन करके सूचना दी गई, जबकि ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि ट्रक चालक लापरवाही से ट्रक चला रहा था जिसके कारण यह एक्सीडेंट हुआ।वहीं पुलिस के द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब सुबह 8:00 बजे से कमर्शियल वाहनों का जनपद मुख्यालय की तरफ जाने पर पूर्णतया रोक लगाई गई है लेकिन उसके बावजूद उक्त ट्रक दोपहर 1:00 बजे के आसपास डिहवा गांव के पास कैसे पहुंचा ग्रामीण पुलिस पर ही आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस ने पैसे लेकर नो एंट्री प्वाइंट से ट्रक को जाने दिया।



### छुट्टा मवेशी को बचाने में पलटा ट्रक चालक, गंभीर

**फूलपुर।** उतरांव थाना क्षेत्र के एकडला सौरा नेशनल हाईवे पर चुनार के लिए चप्पल लाद कर जा रहा ट्रक अचानक सामने छुट्टा मवेशी के आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज आवाज सुन स्थानीय लोगों ने ट्रक में फंसे चालक को निकालकर किसी तरीके इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को रामपुर से चुनार चप्पल लादकर जा रहा ट्रक जैसे ही उतराव थाना क्षेत्र के एकडला सौरा हाईवे पर पहुंचा ही था कि अचानक सामने छुट्टा मवेशी आ जाने से ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक रेलिंग को तोड़ते हुए जा पलटा। तेज आवाज सुन स्थानीय लोगों ने चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दुर्घटना में खलासी को खरोंच भी नहीं आई।

## जमीन को लेकर राम प्रसाद की हुई हत्या, चाचा और मौसी के बेटों ने पिलाई थी शराब

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव में राम प्रसाद गिरि की हत्या किसी बाहरी ने नहीं बल्कि उसके चाचा और मौसी के बेटों ने ही की थी। शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपित सोनू गिरि को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पता चला कि जमीन के लिए राम प्रसाद को मार डाला गया था। सोनू की गिरफ्तारी के बाद पुलिस तीन और आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है ।हंडिया क्षेत्र के धैरहरा गांव निवासी राम प्रसाद गिरि शुक्रवार शाम घर में बैठा था। उसी समय उसके चाचा और मौसी के पुत्र सोनू गिरि, सनी गिरि, बल्ले गिरि और लक्ष्मण उसे घर से बुलाकर ले गए थे। देर रात राम प्रसाद की लाश गांव के पास बोरी में मिली थी। चाकू गोदकर उसे मारा गया था। मृतक के भाई देवी प्रसाद ने उक्त चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि, घरवाले हत्या की कोई वजह नहीं बता सके थे। शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपित सोनू गिरि को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की गई।

# इंस्पेक्टर को एडीजी ने किया लाइन हाजिर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एडीजी प्रेम प्रकाश ने शनिवार की दोपहर सराय ममरेज थाने का औचक निरीक्षण करने के बाद इंस्पेक्टर आशीष कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। इंस्पेक्टर के साथ ही दो दरोगा और एक सिपाही को भी लाइन हाजिर किया गया। एडीजी को थाने में ही कुछ फरियादी मिले जिन्होंने बताया कि कई अर्जियां देने के बाद भी उनकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की जा रही है।

शनिवार दोपहर एडीजी प्रेम प्रकाश सराय ममरेज थाने पहुंचे। थाने में कई फरियादी मौजूद थे। एडीजी ने सबको बुलाकर उनके आने का कारण पूछा। सोरों सिंधौरा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि गांव के ही भानु प्रताप सिंह समेत अन्य लोग उसकी नाबालिग बेटी को भगा ले गए। लेकिन इंस्पेक्टर आशीष कुमार मुकदमा नहीं दर्ज कर रहे हैं। वह कई दिनों से थाने का चक्कर लगा रहे हैं।एडीजी के आदेश पर तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया। वादी को एफआईआर की कॉपी देकर एडीजी ने पुलिस कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। यही नहीं थाने पर लाल साहब निवासी सिरसा ने बताया कि एसआई राजू कृष्ण द्वारा उसे बगैर किसी अपराध के थाने पर बैठाया गया है। उससे मिलने आए परिजनों को कांस्टेबल अनिल कुमार यादव द्वारा थाने से भगा दिया गया। तीसरे शिकायत कर्ता ने थाने में तैनात एसआई दिनेश कुमार पांडेय पर शिकायती प्रार्थना पत्र को बदलवाने की शिकायत की। एडीजी प्रेम प्रकाश ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर सरायममरेज समेत चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। पूरे प्रकरण की जांच सीओ हंडिया को सौंपी गई है। एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि एडीजी की रिपोर्ट पर चारों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर किसान पाठशाला का आयोजन




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारत सरकार द्वारा किसानों के लिये समय-समय पर विभिन्न योजनाए चलाई जाती है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण योजनाओं का लाभ किसानों को नही मिल पाता। इसी प्रयोजन से भारत सरकार द्वारा पूरे देश भर में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर *किसान पाठशाला* का आयोजन किया गया। प्रयागराज जिले में पंचायत राज विभाग द्वारा समस्त पंचायत भवन में कॉमन सर्विस सेंटर(सीएससी) के सहयोग से किसान सभा का आयोजन किया गया, जहां पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और साथ में जन सेवा केंद्र संचालकों के द्वारा किसान सभा में प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, ई-श्रम तथा किसान क्रेडिट कार्ड में पंजीकरण किया गया और भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं जो सीएससी केंद्र द्वारा प्रदान की जाती है उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। सीएससी प्रयागराज के जिला प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि 25 अप्रैल से 1 मई तक जनपद के विभिन्न गांवों में किसानों को जागरूक करने हेतु किसान सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे कृषि संबधी विभिन्न योजना जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुधन एवं अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा इसी क्रम में 27 अप्रैल को माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र तोमर के द्वारा किसानों से वार्ता किया जाएगा, जिसका सजीव प्रसारण जिले के सभी ब्लाक पर कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग से किया जाएगा।

## गांवों को समर्थ बनाना ही सरकार का उद्देश्य : अजय राना

**सहसों।** सहसों विकास खण्ड के विभिन्न गांवों में रविवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित ग्रामीणों को पंचायती राज विभाग की विभिन्न लाभपरक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बकसेडा. गांव के पंचायत भवन में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना ने कहा कि ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर व समर्थ बनाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार की सारी नितियां ग्राम पंचायतों को ध्यान में रखकर ही बनाई गई है। नतीजतन गांवों का त्रीव गति से विकास भी हो रहा है। उन्होंने बताया की खण्ड विकास अधिकारी बबिता गुप्ता के निर्देश पर रविवार को विकास खण्ड के सभी गांवों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान बृजेश कुमार पाण्डेय ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा आम जनमानस को लाभ पहुंचाने के लिए अन्नदाता सुखी भव, सर्वे भवंतु सुखिन, सुशासन, सक्षम भारत,स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया जैसी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को जहां देश दुनिया के मानचित्र पर सशक्त बनाया जा रहा है वहीं इन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। इस दौरान गांव के चहुंमुखी विकास के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ योजनाओं को संचालित करतीं हैं परन्तु धरातल पर उसे सफल बनान हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान ग्रामीणों से गांव की साफ सफाई में सहयोग करने व शौचालय का इस्तेमाल करने की अपील की गई। मौके पर ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ ही दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।




ग्राम सचिवालय बसेड़ा पर उपस्थित ग्रामीण

## सूचना

भवंस मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरवारी कौशांबी में स्ववित्तपोषित योजनाअंतर्गत निम्नलिखित पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय , प्रयागराज की परीनियमावली, यूजीसी एवं शासनादेश के अनुरूप निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय कार्यालय में स्वप्रमाणित आवश्यक शैक्षिक अभिलेखों एवं बायोडाटा सहित आवेदन महाविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध करा सकते हैं अथवा महाविद्यालय की ईमेल vsmehtacollegeb@gmail.com पर ईमेल कर सकते हैं। अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी ।

**एम.एस.सी**
1.(वनस्पति विज्ञान)
2.(भौतिक विज्ञान)

**एम.ए**
1.(अंग्रेजी)
2.( हिंदी)
3. (समाजशास्त्र)

**प्रबंधक**
**भवंस मेहता महाविद्यालय**
**भरवारी - कौशांबी।**

# भाजपा गंगापार का तीन दिनी प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केन्द्र में चल रही मोदी सरकार के पहले की सरकारों में कई ऐसी उपलब्धियां रही हैं। जिसे भारत का हर नागरिकों को स्मरण होगा कि भू माफिया, भष्टाचार, घोटाला, सेना सुरक्षा पर मुंह बन्द रखना, गरीब मजदूर व किसानों पर अत्याचार जैसे अन्य मुद्दे रहे। उक्त बातें सहसों स्थित छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में रविवार को भाजपा गंगापार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के तीन दिवसीय समापन के अवसर पर सांसद मछली शहर वी पी सरोज ने कही। उन्होंने कहा

वर्ष 2014 में कांग्रेस की सभी उपलब्धियों पर भारत का हर गरीब, किसान,मजदूर, शोषित, व्यपारी वर्ग ने भाजपा का कमल खिलाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का काम किया। मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के पीछे देश की जनता जनार्दन का एक बहुत बड़ी सोच रही है। वह सोंच था कि भय मुक्त भारत,भष्टाचार मुक्त भारत,भूमाफिया मुक्त भारत , अपनी सीमा को सुरक्षित करने वाले सीमा के जवानों की सुरक्षा, अन्य देशों में भारत की अलग छवि वाला भारत, विश्व गौरव स्थापित करने वाला भारत बनाने का नेतृत्व कर्ता के रुप में देश कि जनता ने मोदी जी को अपना प्रधानमंत्री बनाने का काम किया। मोदी जी अपने प्रथम कार्यकाल में ही वादों पर खरा उतरते हुए सीमा के जवानों की सुरक्षा के साथ साथ सबका साथ सबका विकास नारा देते हुए अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का आरम्भ कर गरीब, किसान, मजदूर को आत्म विश्वास दिलाया। दूसरा कार्यकाल आरम्भ होते ही कश्मीर मे दो संविधान, दो विधान, दो निशान को ही नहीं बल्कि धारा 370 हटाने का काम किया, तीन तलाक जैसे समाजिक बिमारी को हटाकर एक कानून बनाया। पांच सौ वर्षो से प्रतिक्षा हो रहे हिन्दुओं के सपने को सकार करते हुए अयोध्या में भव्य और दिब्य राम जन्म भूमि विवाद को सुलझा कर निर्माण भी शुरू कराया। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भुगतान हर किसान के खाते में सीधा भुगतान। हर गरीब को लम्बी भयंकर बिमारी के ईलाज हेतु 5 लाख का आयुष्मान भारत योजना दिया। गांव व शहर की महिलाओं को उज्जवला गैस का निःशुल्क कनेक्शन दिया। यह वर्तमान सरकार की प्रमुख उपलब्धि रही है। समापन के अवसर पर सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, रमाशंकर शुक्ल, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय, अमरनाथ तिवारी, कन्हैयालाल पाण्डेय ने भी प्रशिक्षण को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अश्विन कुमार द्विवेदी ने उपस्थित मंचासिन अतिथियों व उपस्थित कार्यकताओं के प्रति अभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन जिला महामंत्री जीतलाल त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, प्रमुख बहरिया योगेश पाण्डेय, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह, हरिभूषण सिंह, रमेश कुमार द्विवेदी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, सत्यम मिश्रा हिंदू , मनोज निषाद, श्याम विहारी पाण्डेय, रामपलट पटेल, महेश चन्द्र पाण्डेय, कमलेश पाल,कमलेश मिश्रा, सन्तोष शुक्ल, दीलिप यादव, बृजेश कुमार त्रिपाठी, लक्ष्मीकान्त उपाध्याय, आशीष भारतीया, ईश्वर चन्द्र विन्द, नवीन पटेल, आरती अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते सांसद वीपी सरोज व संबोधन सुनते पार्टी के कार्यकर्ता ।

## न्यूज झरोखा

### सेमरहा उपरहार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम संपन्न

**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत सेमरहा उपरहार ग्राम पंचायत भवन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम संक्षम अधिकारियों के संमक्ष ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम में पंचायत सचिव शिव ओम चौधरी एवं समाज कल्याण अधिकारी विजय शंकर यादव व प्रधान श्री शंकर व प्रतिनिधि शिवकुमार निषाद की उपस्थिति में बड़ी संख्या में लोग गांव के लोग उपस्थित रहे जिसमें पंचायत स्तर पर विभिन्न जटिल समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा गांव में पेयजल वृक्षारोपण साफ सफाई व पंचायत भवन पर गांव की समस्याओं का निस्तारण किए जाने की विस्तृत जानकारी दी गई इस दौरान गांव के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




### खजुरी ग्राम पंचायत में मनाया गया पंचायती राज दिवस

**करछना।** विकासख के अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी में प्रधान परमानंद मौर्य व पंचायत सचिव अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें हर घर जल पेयजल योजना वृक्षारोपण साफ सफाई एवं पंचायत भवन पर ग्राम स्तर की सभी जानकारी व सुविधाएं पंचायत भवन से मुहैया कराए जाने की जानकारी दी गई पंचायत सचिव अमित यादव ने बताया कि पंचायत भवन पर कंप्यूटरीकृत के माध्यम से गांव की सभी समस्याएं अपलोड कर जिसमें परिवार रजिस्टर नकल विकलांग विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन आदि सभी समस्याएं लोगों की गांव स्तर पर निस्तारित की जाएंगी जिससे लोगों को तहसील मुख्यालय जिला कचहरी जाने की आवश्यकता ना पड़े इस मौके पर गांव के बड़ी संख्या में लोग रोजगार सेवक आशा आंगनवाड़ी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



### हथसरा में पंचायत राज दिवस कार्यक्रम संपन्न

**करछना।** प्रयागराज पंचायती राज दिवस पर पंचायत भवन हथसरा मे बैठक हुए बैठक अध्यक्षता गांव के प्रधान शिव गणेश पटेल ने की और लोगो को जागृत करते हुए गांव के विकास पर स्वच्छता जल संचय रास्ता नाली अन्य विकाश पर चर्चा करते हुए गांव के लोगो के साथ प्रधान हथसरा शिव गणेश पटेल पंचायत सचिव शिव प्रसाद पटेल रोजगार सेवक बाल मुकुंद सफाई कर्मी घनश्याम हैंडपंप रिपेयर मिस्त्री लव कुश अन्य गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



### राष्ट्रीय पंचायत दिवस : बसगढी में आयोजित हुई बैठक

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अंतर्गत बसगढी ग्राम पंचायत में दिनाँक 24 अप्रैल 2022 को पंचायत दिवस के 75 वीं वर्षगांठ पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार पाल की मध्यस्ता मे बैठक आयोजित की गई। जिसमे ग्राम पंचायत बसगढी के अंतर्गत आने वाले सभी गावों के विकास के बारे मे चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान अशोक कुमार पाल ने कहा कि हम ग्राम पंचायत बसगढी के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित बैठक की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान अशोक कुमार पाल एवं बी डी सी प्रदीप कुमार आदिवासी, कंप्यूटर आपरेटर मंजु पाल, रामलाल मिश्र, प्रेम शंकर दुबे, लक्षमण प्रसाद माझी, सफाई कर्मी शिवपत्ति, लाल बहादुर, रामरक्षा पाल, अमृत लाल, सुनील बिंद, मनीष यादव आदि लोग मौजूद रहे।



### क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर प्रमिल यादव ने उठाई आवाज

**मेजा रोड।** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव ने जिला पंचायत सदन प्रयागराज में मांग उठाई है। बता दें कि शनिवार को पंडित मोतीलाल नेहरू सदन जिला पंचायत प्रयागराज की बैठक मे मांडा के जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव ने जनहित में पेयजल, बिजली आपूर्ति, जले हुए ट्रांसफार्मर को एक निर्धारित समय मे बदलने की व्यवस्था, सड़क, नाली, डेंगूरपुर गंगा घाट के पांटून पुल के रखरखाव सहित क्षेत्र की समस्याओं को जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रमुख अधिकारियों के समक्ष रखते हुए निस्तारण की मांग की है।



### भागवत कथा सुनकर भक्त गण हुए भाव विभोर

करछना। तहसील करछना के अंतर्गत निरिया ग्राम सभा में 11 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक श्री जगनारायण दास महाराज दसवें दिन के भगवान श्री कृष्ण की लीला की कथा सुनकर सभी भक्तगण व श्रोतागण भावविभोर हो उठे । भगवान श्री कृष्ण की कथा को सुनने के लिए क्षेत्र के लोग कथा स्थल पंडाल में पहुंचे सभी श्री कृष्ण की कथा को बहुत ही एकाग्र चित्त से सुना । महाराज जी ने मंच से उद्घोष करके बताया कि यह श्री कृष्ण कथा 26 अप्रैल तक चलेगी। मुख्य श्रोता व यजमान छविनाथ यादव ने कहा कि कल सोमवार को हवन होना सुनिश्चित हुआ है जिसमे सभी भक्तगण सादर आमंत्रित है । जो कि वहां मौजूद लोग भोला नाथ यादव, राधेश्याम यादव , समाजसेवी पवन कुमार यादव, त्रिभुवन नाथ यादव (अध्यापक) कृष्ण मोहन यादव, अमरेश यादव, शंकर लाल यादव ,नत्थन यादव, पवन यादव, शुभम केशरवानी , भारत यादव, आदि लोग श्रोता गण मौजूद रहे।



### बेनीगंज में ताला तोड़कर हुई चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**प्रयागराज।** बेनीगंज में बाइक सवार दो युवकों ने ताला बंद घर को निशाना बनाया। ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख के गहने और कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने बताया कि बेनीगंज की रहने वाली गीता तिवारी अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गई थी। इस दौरान मकान में ताला बंद था। शनिवार रात लौटी तो पता चला कि कमरे का ताला टूटा है। सारा सामान बिखरा था। अलमारी खुली थी। चोरों ने कीमती सामान गायब कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की गई तो बाइक सवार दो युवक नजर आए जिसमें एक युवक के हाथ में सरिया था। बताया जा रहा है कि उसी सरिए की मदद से ताला तोड़कर चोरी की गई है। करेली पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।



### एस.एफ.एम.सी. में दो शॉट फिल्मों का हुआ महुर्त

**नैनी।** स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मास कम्युनिकेशन, शुआट्स में दो फिल्मों का महूरत शॉटस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई तदोपरान्त पहली फिल्म मुखालिफत के लिए मुख्य अतिथि वॉ इन्स्टीयूट ऑफ एग्रीकल्चरल एण्ड टेकनोलोजी के कालेज डीन प्रो0 (डा0) आरपन शेरिंग ने क्लैप शॉट किया एवं दूसरी फिल्म पेज न0 7 के लिए गेस्ट ऑफ आनर शुआट्स के डीन, स्टूडेन्ट वेलफेयर प्रो0 टेरेन्स थामस ने किया। असिसटेन्ट प्रो0 राम मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुखालिफत फिल्म जंगल और आदिवासियों के अधिकारों पर आधरित है। एस.एफ.एम.सी. के डीन डा0 एस. एच. मजहर ने फिल्म से सम्बिंधित समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि यह दोनों फिल्में यू.जी. एवं पी.जी. मास काम के अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई जा रही है तथा फिल्म से जुड़े समस्त कार्य स्टोरी राइटिंग, कैमरा शूट एवं एडिटिंग आदि सब छात्र-छात्राओं के द्वारा किया जा रहा है तथा असिस्टेन्ट प्रो0 राममणि त्रिपाठी एवं असिस्टेन्ट प्रो0 मिस अनिशा हेनरी इन दो फिल्मों की सुपरवाईजर है। इस अवसर पर असिस्टेन्ट प्रो0 अमित विलियम, असिस्टेन्ट प्रो0 अनन्त श्रीवास्तव, असिस्टेन्ट प्रो0 इमैनुअल जार्ज, श्री अनुरात मिश्रा एवं शोएब अन्सारी सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



# एसपी की अगुवाई में पुलिस ने किया दंगा रिहर्सल

## शहर के बेगम वार्ड, भुलियापुर, चौक में किया पैदल मार्च

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में आज रविवार को पुलिस दंगा रिहर्सल का प्रदर्शन प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर स्थित चैक घंटाघर से शुरू किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के अलावा अडिशनल एसपी, एसडीएम सदर, सीओ व शहर कोतवाल सहित भारी पुलिस बल शामिल था।

रविवार को दिन में लगभग साढे. बारह बजे पुलिस के साथ भारी पुलिस बल देख लोग अचंभे में हो गये थे। बाद में पता चला कि पुलिस दंगा रिहर्सल कर रही है। ये सभी अधिकारी व भारी पुलिस बल यह ऐलान करते हुए आगे चल रहे थे कि आम जनता पुलिस का सहयोग करे तो कोई गंभीर घटना नहीं होगी। पुलिस दल पैदल मार्च करते हुए चैक से जेल रोड, सिप्तैन रोड, कपूर चौराहा, बेगम वार्ड, श्रीराम तिराहा होते हुए पुनः चैक लौट आई। लगभग एक घंटे तक पुलिस की यह धमाचैकड़ी नगर के संवेदनशील इलाकों में यह संदेश देने में सफल रही कि शहर में शांति व्यवस्था को भंग करने वालों को किसी भी हालत मे बख्शा नहीं जाएगा। रविवार को दिन में साढे.बारह बजे से डेढ़ बजे तक एसपी ने पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहकर यह संदेश दिया कि पुलिस अपने एक्शन में सदैव दिखाई पडेगी।


शहर में पैदल मार्च करते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

## पट्टी में ईद के त्यौहार को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ईद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पट्टी कोतवाली पुलिस ने पुलिस पट्टी नगर में फ्लैग मार्च किया। रविवार की दोपहर 12 बजे रमजान ईद के त्यौहार के मद्देनजर पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह अपने हमराहियों के साथ पट्टी नगर में फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। पैदल मार्च थाना परिसर से शुरू होकर के पट्टी नगर चैक, रायपुर रोड, मेन रोड पट्टी, ढकवा मोड़ सहित कस्बे के मुख्य मार्गों पर किया गया। इस दौरान व्यापारी तथा आम जनमानस से पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। पुलिस ने आम जनता से क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सद्भावना कायम करने की अपील किया। इस दौरान नंदलाल सिंह ने कहा कि सभी को निर्भीक होकर के पुलिस का सहयोग करने तथा शांति व्यवस्था कायम रखना की जरूरत है। इस दौरान मुख्य रूप से एसआई सचिन सिंह, राधेश्याम सिंह राहुल कुमार, इंद्रजीत, गुलाब चंद्र के साथ थाने के पुलिसकर्मी यज्ञ नारायण, विजय यादव, सूबेदार राय, सुशील मिश्रा व महिला कांस्टेबल नेहा उपाध्याय, कीर्ति शुक्ला समेत थाने के तमाम पुलिसकर्मी गश्त करते हुए नजर आए।


टैबलेट वितरण के दौरान इंटर कालेज की प्रबंधिका रत्ना सिंह।

## राजकुमारी रत्ना सिंह ने छात्रों को वितरण किया टैबलेट

अखंड भारत संदेश

**परियावां।** प्रतापगढ़ पूर्व सांसद एवं डिग्री कालेज व इंटर कालेज की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह ने रविवार को कालाकांकर में जान्हवी संस्कृत आदर्श महाविद्यालय में सरकार द्वारा दिये गए टैबलेट को छात्रों में वितरण किया।

टैबलेट हाथों में मिलते ही सभी छात्रों के चेहरे पर मुस्कान की झलक दिखाई दी। साथ मे प्रधानाचार्य हरिशंकर त्रिपाठी के साथ राजभवन मैनेजर डॉ घनश्याम यादव मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां।** संग्रामगढ़ उप निरीक्षक राजीव वर्मा ने अपने हम राही के साथ क्षेत्र चेकिंग वांछित अभियुक्तों की धर पकड़ के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के कुसुवापुर नहर पुलिया के पास सन्दिग्ध दशा में खड़े युवक की तलाशी लेने पर उसके पास एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस के पूछने पर युवक ने अपना नाम सौरभ सरोज पुत्र विनोद सरोज निवासी लरू कुंडा प्रतापगढ़ बताया।

## पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां के पंचायत सचिवालय में रविवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला व ग्राम विकास अधिकारी व्यास कुमार मौर्य ने पंचायत सहायक साधना मौर्या व रोजगार सेवक रेखा मौर्या के साथ गांव के पंचायत सदस्यों व सम्मानित लोगो के साथ प्रधानमंत्री का सीधा लाइव प्रसारण देखा। सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला व ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य ने एसजीडी थीम्स के तहत 9 बिंद पर चर्चा की। इस मौके पर अनिल मौर्य(प्रधान पति), राजेश कुमार मौर्य, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा (दुबरी), तारिक फारूकी, संजीत सोनकर, गया प्रसाद मिश्र बाबा (बीडीसी), मेवालाल मौर्य, मंगल प्रसाद मौर्य, महेंद्र मौर्य, राकेश मोदनवाल, फिरदौस आलम (बीडीसी) गुलाबचंद सोनकर, संतोष मौर्या (बीडीसी), घनश्याम मौर्य, मुन्नू मौर्य, मोहनलाल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध देशी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा निर्देश पर थाना नवाबगंज उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अस्थान पुलिस चैकी के पास चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आदित्य शुक्ला पुत्र रोहित शुक्ला व संजय शुक्ला पुत्र रूप नारायन शुक्ला निवासी देवारा, थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ निवासी के पास तलाशी लेने पर एक पेटी (45 शीशी-प्रति शीशी 200 मिली) अवैध देशी शराब बरामद किया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना ले गईं जहां मु0अ0सं0 60/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावा, प्रतापगढ़।** वांछित अभियुक्तों की धर पकड के लिए थाना कुंडा उप निरीक्षक विनय कुमार अपने हमराही के साथ क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाना कुंडा के मु0अ0सं0- 91/2022 धारा 354क, 504, 506 भादंवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त चन्द्रकेश पुत्र जमुना प्रसाद निवासी सहाबपुर थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के सुवंशा चैराहे के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।

## एक सप्ताह से सहोदरपुर में बह रही भक्ति धारा

### आज सुदामा चरित्र सुनकर मंत्रमुग्ध हुए भक्तगण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के पूर्वी सहोदरपुर में विगत एक सप्ताह से चल रही भागवत कथ से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस कार्यक्रम में आसपास के भक्तजनों के अलावा नगर के प्रमुख प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हो रहे हैं।

अयोध्या से आए पं0 विनय कृष्ण ओझा (भागवत भ्रमर) अपनी संगीतमयी कथावाचन से लोगों को भाव विभोर कर रहे हैं। कंस वध व रुकमणी विवाह का वर्णन करते हुए कथावाचक श्री ओझा ने बताया कि भगवान कृष्ण अपने भक्तों की रक्षा करने के लिये सदैव खडे.रहते हैं। यही कारण था कि ब्रज की गोपियों में यह विश्वास अडिग हो गया था कि भगवान कृष्ण केवल मेरे हैं।

अनेको भावपूर्ण वर्णनों से कथावाचक श्रोताओं को भक्ति धारा में प्रवाहित करते दिखाई पड़ रहे हैं। भागवत कथा के मुख्य यजमान तिलक इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता कन्हैया लाल द्विवेदी तथा उनकी धर्मपत्नी द्वारा आयोजित यह भागवत कथा को 18 अप्रैल को बेदी पूजन के बाद शुरू हुई थी। कथावाचक भागवत भ्रमर ने परिक्षित जन्म एवं सुकदेव आगमन, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, राम एवं कृष्ण जन्म, उनकी बाललीला एवं गोवर्द्धन पूजा का सजीव वर्णन कर क्षेत्रवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। सोमवार को इसकी पूणार्हुति होगी तथा प्रसाद वितरण व भंडारा होगा। कार्यक्रम में कृपा शंकर द्विवेदी, विद्या शंकर द्विवेदी, अवधेश नारायण द्विवेदी आदि का सक्रिय सहयोग देखने को मिला।


पूर्वी सहोदरपुर में आयोजित भागवत कथा में जुटे श्रद्धालु।

## अरखा रजबहा नहर टूटी सैकड़ों बीघा उर्द की फसल हुई चौपट

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जब किसानों को खेती करने के लिए नहर से पानी की जरूरत पड़ती है तो नहर में पानी की जगह धूल उड़ती हुई मिलती है जिससे किसान समय से अपनी फसल तैयार करने के लिए पम्पिंग सेट का सहारा लेता है। विकास क्षेत्र कालाकांकर के अरखा रजबहा में रविवार को नहर में ओवरफ्लो पानी के छोड़ देने से ब्रह्मौली गांव के सामने अचानक नहर टूट गयी, जिससे देखते देखते किसानों की पच्चीस बीघा उर्द की फसल के साथ अन्य फसल लबालब पानी से भर गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि ब्रह्मौली राजमार्ग तक बहता आ गया। ग्रामीणों में तेज पानी का बहाव देखकर हड़कम्प मच गया। पानी से डूबी फसल देख किसानों के माथे से पसीने छोड़ रहे है उन्हें चिन्ता लगने लगी है कि सारा पैसा बेकार चला गया। अब कैसे फसल तैयार करें। आक्रोशित किसान दिलीप कुमार, संजय, अमृतलाल, दीपक कुमार, पंकज गुप्ता, सोनू गुप्ता, रामनाथ, रघुनाथ मौर्य, तेजस निर्मल, बुद्धी लाल निर्मल, रामदेव निर्मल, सज्जनलाल, धर्मेश निर्मल, धर्मेन्द्र मौर्य सहित अन्य किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए मुआवजे की मांग की है जिससे गरीब किसानों के परिवार का खर्च चल सके।

## नगर पंचायत मे जल निकासी की मुख्य समस्या बरकरार

### आदर्श नगर लालगंज को नही है समस्याओं से सरोकार, दो माह बाद सुरू हो जायेगी बारिश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत को सास्याओं से कोई सरोकार नही है।गठन के चार वर्ष बाद भी जल निकासी की मुख्य समस्या से झूस रहे नगर वासियों को निदान नही दिला सका।बारिश का मौसम नजदीक आते ही लोगों की चिंताएं बढ़ने लगती है।

स्थानीय नगर पंचायत की मंजूरी सपा सरकार में ही मिल गई थी। यही नहीं, शासन ने नगर पंचायत चुनाव से पहले ही 2016 में विकास कार्य के लिए करोड़ों रुपए की सौगात दे दी थी। उसके बाद चुनाव 2017 में हुआ। नगर के मतदाताओं ने प्रथम अध्यक्ष के रूप में अनीता द्विवेदी को चुना। पंचायत अध्यक्ष व अधिकारियों के अच्छे कार्यो को देखते हुए शासन ने इसे आदर्श नगर पंचायत का दर्जा भी दे दिया। नगर पंचायत को वर्ष 2021-2022 के लिए पं० दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत चयनित किया गया।

नगर के विकास के लिए लगभग चार करोड़ रुपए भी शासन द्वारा मिलेगें। जिससे नगर पंचायत के चहुमुखी विकास की गति को और तेजी मिलेगी, लेकिन नगर पंचायत में तहसील से लेकर सीएचसी तक बसी आबादी की मुख्य समस्या जल निकासी है, जिसके चलते बारिश के दिनों में प्रा०वि०, तहसील, कोतवाली व सीएचसी परिसर जलमग्न हो जाता है। यह कार्य ग्राम पंचायते अपने समय में नही करा सकी थी। लेकिन नगर पंचायत के गठन के बाद लोगों की उम्मीदें जगी कि अब उन्हें इस समस्या से निदान मिल जायेगा।लेकिन कार्यकाल समाप्ति के अंतिम पायदान पर है साथ ही बारिश भी दो माह सुरु हो जायगी लेकिन अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। उधर जय कौशल व्यापारी ने कहा कि ग्रामीण व नगर वार्डो में जल निकासी की एक गंभीर समस्या बनी हुई है।जो थोड़ा बहुत कहीं कार्य हुआ भी है तो वह संतोष जनक नही है।



आदर्श नगर पंचायत लालगंज।

**क्या कहते हैं सभासद .....**

लालगंज नगर के सभासद बृजेन्द्र मण्टू ने कहा कि जल निकासी की समस्या दूर नही हो सकी है। जो नगर वासियों की मुख्य समस्या है। इस समस्या पर कई बार आवाज उठाया हूं लेकिन निराकरण नही हुआ। उधर सभासद ज्ञान चंद्र मोदनवाल ने कहा कि जल निकासी पर ईओ से कई बार चर्चा हुई है। वह सुनते तो है लेकिन इस पर कोई अमल नहीं करते है। इस बार भी मनमानी की वजह से घरो में बारिश का पानी भरेगा। यहां पर विकास कार्य जमीनी हकीकत से कोषो दूर है।

**क्या कहते है अधिकारी .....**

लालगंज नगर पंचायत के ईओ सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि इस संबंध में शासन को लिखा गया है अभी स्वीकृति नही मिल पाई है।घरो में व सरकारी संस्थानों में जब पानी भरेगा तो पंपिंग सेट से पिछली बार की तरह निकलवाया जायेगा।


पब्लिक स्कूल द्वारा मेधावी छात्र-छात्राएं।

## मेधावियों को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेलहा स्थित जे. बी.एस. पब्लिक स्कूल, में रविवार को नर्सरी से कक्षा 5 तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके तहत मेधावी निष्ठा सिंह, मो० फैजान, कार्तिक श्रीवास्तव, अंशिका सिंह, शिवांश सिंह, आर्या यादव, मानसी गौतम, पीयूष यादव, पूर्वी सिंह, आर्यवीर सिंह, यश प्रताप सिंह, मान्या सिंह, आदि के चेहरे खिल उठे दिखे। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या लक्ष्मी द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी लाल देव सिंह ने शिक्षा को मेधावियों के भविष्य निर्माण के प्रति मूल आधार ठहराया। इस मौके पर निदेशक आदित्य प्रताप सिंह, प्रबंधक अमित प्रताप सिंह आशुतोष सिंह जिलाध्यक्ष अमीन संघ प्रतापगढ़, उधम सिंह ,कुंवर ज्ञानेंद्र , प्रीतेन्द्र ओझा,डॉ. वीरेश सिंह मौजूद रहे।

## इनामिया बदमाश के कोलकाता में गिरफ्तार होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल

### जिले की पुलिस इस खबर के बारे में कर रही इंकार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार की शाम से ही पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड के विनैका निवासी पांच लाख के इनामी बदमाश प्रमुखपति आसपुर देवसरा सभापति यादव तथा उसके भाई सुभाष यादव को कोलकाता पुलिस की गिरफ्त में आने की खबर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। हालांकि जिले की तथा स्थानीय पुलिस इस खबर के बारे में इंकार कर रही है और कुछ भी बोलना से बच रही है।

तहसील क्षेत्र के पूर्व प्रमुख सभापति यादव उसके भाई सुभाष यादव के खिलाफ डेढ़ साल पहले पट्टी तथा आसपुर देवसरा थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद से ही दोनों भाई पुलिस से भाग रहे थे। कई बार दबिश देने तथा विनैका स्थित उनके आवास पर गेट तोड़ने को लेकर जमकर बवाल भी हुआ। फरारी के साथ ही पुलिस ने धीरे-धीरे नाम की राशि बढ़ाकर 5 लाख कर दिया जिसकी तलाश में एसटीएफ और पुलिस लगातार लगी हुई थी। शनिवार की देर शाम सोशल मीडिया पर सभापति यादव और उसके भाई सुभाष यादव के कोलकाता के सियालदेह रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार होने की खबर सोशल मीडिया ग्रुप फेसबुक और व्हाट्सएप पर जमकर वायरल हो रही थी। हालांकि पट्टी और आसपुर देवसरा पुलिस ऐसे किसी जानकारी से इंकार कर रही है। बता दें कि इनामिया बदमाश सभापति यादव राजनीति में काफी सक्रिय रहा है बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी के साथ-साथ निषाद पार्टी में भी सभापति यादव लगातार बना रहा।

## जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में दो पक्षों में रविवार की सुबह जमकर लाठी डंडे चले। सूचन मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को स्थानीय सीएचसी ले आयी। पुलिस ने दोनो पक्षों के चुटहिलों का इलाज कराया है। एक पक्ष के चुटहिल को गम्भीर चोट आने के कारण डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली के देवली गोपाल दुबे का पुरवा में रविवार की सुबह रास्ते के विवाद को लेकर गांव के जीतेन्द्र मणि दुबे व शैलेश मिश्रा में कहा सुनी होने लगी। बातचीत के दौरान दोनो पक्ष मारपीट करने लगे। जीतेन्द्रमणि पुत्र राम अवतार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के शैलेश मिश्र पुत्र रामसमुझ, पवन कुमार व विनय कुमार पुत्रगण राजेश तथा सीमांत मिश्र पुत्र रामसमुझ ने भूमिधरी जमीन पर रास्ते के विवाद को लेकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा। जांन बचाने के लिए पीड़ित जब अपने घर में घुस गया तो आरोपियों ने घर में घुसकर भी लाठी डंडे से मारपीट की।

## रिहायशी छप्पर में लगी आग से खाक हुआ आशियाना, नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार की शाम पट्टी तहसील क्षेत्र के टिबीपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक गरीब का आशियाना जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत किया लेकिन बेकाबू आग से घर जलकर पूरी तरीके से खाक हो गया फायर ब्रिगेड को फोन करने के बाद भी टीम नहीं पहुंची जिससे ग्रामीणों ने आक्रोश भी जताया। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड के तिबीपुर गांव के रहने वाले साबिर अली के आवासी छप्पर में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। जिसके बाद धुआं उठता हुआ देखकर लोग शोर-शराबा करने लगे ग्रामीण इकट्ठा हुए तो बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश किए लेकिन बेकाबू वालों ने घर को अपने आगोश में ले लिया। रियायशी छप्पर धू धू कर जलने लगा । ग्रामीण आग पर काबू नहीं पा सके और घर में रखा हुआ खाने का सामान रोटी कपड़ा जलकर खाक हो गया ।

## अस्पताल में बच्चों के दौरे, ब्रेन टीबी का इलाज हुआ संभव

### जिला अस्पताल में 42 बेड के पीडियाट्रिक यूनिट की मंजूरी, खाते में आया दो करोड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मिर्गी के दौरे, ब्रेन टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज बच्चों का इलाज अब प्रताप बहादुर जिला अस्पताल में होगा। शासन ने अस्पताल में 42 बेड का नया पीडियाट्रिक यूनिट खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है। जांच से संबंधित जरूरी अत्याधुनिक मशीनों के क्रय के लिए करीब दो करोड़ की धनराशि भी खाते में भेज दी है। इन सब के इतर इसके लिए एक कुशल बाल रोग विशेषज्ञ की टीम चाहिए होगी। जो बेहतर इलाज के साथ साथ मशीनों की सम्पूर्ण जानकारी रखने वाली हो। जो कि फिलहाल अस्पताल तो क्या मेडिकल कॉलेज में मौजूद नहीं है। जो आगे चलकर मेडिकल कॉलेज के लिए चुनौती बन सकता है। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है कि सारी चीजें दुरुस्त करा ली जायेगी। जल्द ही विशेषज्ञ भी मिलेंगे।

बता दें कि अभी तक जिला अस्पताल में सामान्य बीमारी जैसे खासी, बुखार, वायरल, इनिमिया इत्यादि बीमारी से पीड़ित बच्चों का ही इलाज हो पा रहा था। संसाधन के अभाव में गम्भीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज प्रयागराज और लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। समय पर इलाज न मिलने की वजह से नौनिहालों की मृत्यु भी हो जाया करती है। मिर्गी, दौरा, टीबी, ब्रेन टीबी, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, श्वांस की गम्भीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों को भर्ती कर उनको बेहतर इलाज मिल सके। इस मंशा से सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है। डाक्टर सोने लाल पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध प्रताप बहादुर जिला पुरुष अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से लैश नए पीडियाट्रिक यूनिट के निर्माण और उसके लिए जरूरी मशीनों और उपकरणों की खरीददारी के लिए करोड़ों का बजट भी दे दिया है। वर्तमान के मेडिकल वार्ड का विस्तार कर इसी को बच्चों के वार्ड में तब्दील करने की तैयारी है। यह वार्ड नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जायेगा। ऐसा मेडिकल कॉलेज प्रशासन का ऐसा मानना है। 42 बेड वाली इस यूनिट में 12 बेड का आईसीयू अलग से होगा। जिसमें जांच से जुड़ी अलग अलग मशीनें जैसे सक्सन मशीन, वेंटीलेटर, न्यूमिलाइजर, ईसीजी होंगी।

### इन डाक्टरों की पड़ेगी जरुरत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बाल रोग यूनिट बन जाना ही बहादुरी नहीं है। इसको चलाने के लिए कुशल डाक्टर भी चाहिए होंगे। जो यहां की मशीनों की बारीकियों से अच्छी तरह वाकिफ हो। इसके लिए सर्जन, न्यूरो सर्जन, हेमेटोलाजिस्ट, एनेस्थोलाजिस्ट जैसे विशेषज्ञ चाहिए होंगे। अगर कहीं समस्या आई तो इनके अलावा कोई दूसरा डाक्टर संभाल भी नहीं पायेगा।

**क्या कहते हैं प्राचार्य.....**

मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक ने बताया कि 42 बेड के पीडियाट्रिक यूनिट के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। इससे सम्बन्धित मशीनों की खरीद फरोख्त शासन स्तर पर की जानी है। इसके लिए करीब दो करोड़ रुपए का बजट है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव की नियुक्ति पर उठने लगे सवाल

**कौशांबी।** सरसवा विकासखंड के दानपुर में तैनात पंचायत सचिव अमित कुमार की नियुक्ति पर सवाल उठने लगे हैं जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उनकी नियुक्ति से संबंधित अभिलेख मांगे जाने लगे हैं समाजसेवी कमलेश कुमार ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी है कमलेश कुमार ने सूचना में यह भी मांगा है कि पंचायत सचिव अमित कुमार ने तैनाती स्थल पर अब तक क्या-क्या विकास कार्य कराए हैं इनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों में कितनी रकम खर्च की गई है इनके पास क्या संपत्तियां है और नौकरी के पूर्व इनके पास क्या संपत्ति थी सहित तमाम बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई हैं।

### चौकी क्षेत्र में धधक रही अवैध शराब भट्टी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत चौकी शहजादपुर क्षेत्र के कई गांव में अवैध शराब भट्टी धधक रही है! जहां पर पियक्कड़ों कि सुबह से शाम के समय तक अवैध शराब कारोबारियों के यहां लाइन लगी रहती है स्थानीय पुलिस अनजान बनने का ढोंग कर रही है अवैध शराब भट्टी संचालन से कारोबारी मालामाल हो रहे हैं।

# पहले की भाजपा और आज की भाजपा में हुआ है बहुत बदलाव : क्षेत्रीय महामंत्री

## डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी पं.दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**अखंड भारत संदेश**



जन्म दिवस के अवसर पर उपस्थित भाजपाई

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश संगठन एव शीर्ष नेतृत्व काशी क्षेत्र के आवाहन पर केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा जिले मे जिला प्रशिक्षण वर्ग 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सरस्वती शिशु मन्दिर सिराथू में आयोजित किया गया है राष्ट्रीय मंत्री सांसद विनोद कुमार सोनकर द्वारा भाजपा पुरोधा डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी पं.दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परम्परा के अनुसार मुख्य अतिथि का स्वागत जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी द्वारा माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर किया। जिला अध्यक्षा अनीता त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रदेश में यह प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है यहां का प्रशिक्षण वर्ग तीन दिन का सम्पूर्ण आवासीय है। संगठन का कार्यकर्ता सर्वोपरि है कार्यकताओं के बल पर आज लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत से केन्द्र व प्रदेश में सरकार बनी है। भाजपा अपने कार्यकताओं के लिए समय समय पर पार्टी संगठन के विषय में जानकारी देने व संस्कार की याद दिलाने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रही है प्रशिक्षण सत्र के प्रथम सत्र मे उपस्थित मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का जो सपना था आज प्रदेश व केन्द्र की सरकारों में पूरा होता दिख रहा है उन्होंने कहा कि अयोध्या में भब्य राममंदिर 2022 के अन्त तक बन कर तैयार हो जायेगी भष्टाचार मुक्त प्रदेश सरकार बन रहा है।राष्ट्रीय सीमाओं पर पूर्व में चल रहे विवादों को समाप्त कर सीमा सुरक्षा आत्याधुनिक रुप से सुसज्जित किया है।आन लाईन डिजिटल पेमेंट के माध्यम से आज संगठन में माइक्रो डोनेशन का काम चल रहा है।18 करोड़ से ज्यादा भाजपा की सदस्यता है।आज सभी लोग यह दावे के साथ कह सकते है कि भाजपा का प्रत्येक जनप्रतिनिधि व संगठन के पदाधिकारी 99.99 प्रतिशत ईमानदार है। समय समय पर नया सीखने के लिए प्रशिक्षण होता रहा है। पहले की भाजपा और आज की भाजपा में बहुत बदलाव हुआ है पहले कभी काम था आज निरन्तर कार्य करना पडता है यही बदलाव है संगठन ही तो है जो परिचय संवाद सम्पर्क का बोध दिलाता है बैठक मे मुख्य रूप से पूर्वजिला अध्यक्ष प्रेमचंद्र चौधरी जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी बच्चा जिला महामंत्री संजय जयसवाल जिला उपाध्यक्ष तारादेवी वर्मा जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्या मिडिया प्रभारी गोलू सिंह पटेल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सहित किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष , पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योती केसरवानी नितिन पासी दिनेश पाण्डे ओम नारायण दीपचंद्र दिवाकर ब्रंभप्रकाश पाण्डे सहित सैकड़ों पदाधिकारी सम्लित हुए प्रशिक्षण का संचालन जिला महामंत्री संजय जयसवाल ने किया प्रवेशिका बनाने में जिला शोसल मीडिया संयोजक जितेन्द्र साहू आईटी विभाग संयोजक सत्यम केसरवानी युवा मोर्चा का विशेष सहयोग रहा।

# हजारों जमाकताओं का धन हड़प कर फरार हुई पल्स कंपनी

## जमा रकम पाने के लिए परेशान ग्राहक जल्द कर सकते है एजेन्ट पर मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** आम जनता गरीब कमजोर मजलूम हजारों लोगों को झांसा देकर पल्स कंपनी के एजेंटों प्रबंधक ने कंपनी कार्यालय में करोड़ों की रकम जमा करा ली मोटे कमीशन के लालच में एजेंट ने अपने परिचित के साथ ठगी करने से नहीं छोड़ा करोड़ों जमा करने के बाद कंपनी के कार्यालय में ताला बंद हो गया और एजेंट आलीशान बंगलों में रहकर आराम फरमा रहे हैं जनता अपने जमा धन को वापस पाने के लिए अधिकारियों से लेकर नेताओं तक चक्कर लगा रही है लेकिन उसके जमा धन वापसी की उम्मीद नहीं लग रही है धीरे-धीरे 8 साल से अधिक का समय बीत गया लेकिन जनता को केवल आश्वासन मिलता रहा कंपनी की नियत खराब हो चुकी है। बताते चलें कि पल्स कंपनी में कस्बे और आसपास के दर्जनों एजेंटों ने अपने झांसे का जाल फैलाया लोगों को झांसे में फंसाने लगे भरवारी कस्बे में हजारों ग्राहकों ने लालच में कम्पनी में करोड़ो की रकम जमा कर दी थी लेकिन कंपनी और उनके एजेंट की नियत पहले से खराब थी और जैसे ही हजारों ग्राहकों की रकम कम्पनी में जमा हुई कंपनी ने कार्यालय को बंद कर दिया जमाकताओं ने प्रबंधक एजेंट पर दबाव बनाया लेकिन जमा कताओं की रकम वापस नहीं हो सकी कंपनी के नियमों के अनुसार जमा कताओं को रकम ब्याज सहित वापस देनी थी लेकिन मूलधन वापस मिलने के लिए जमाकर्ता परेशान है ब्याज की बात तो बहुत दूर हो गई है कुछ जमा कताओं ने एजेंटों पर मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी कर ली है एजेंटों पर मुकदमा दर्ज हुआ तो जमा कताओं की रकम वापस हो सकती है

# ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत करे आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जनपद को 12 इकाईयों का लक्ष्य, धनराशि 60 लाख रुपए व रोजागार 240 प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया है कि इस योजनान्तर्गत इच्छुक व्यक्ति स्वरोजगार स्थापना हेतु ऑनलाइन बेवसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। योजना विनिर्माण सेवा क्षेत्र के लिये अनुमन्य है योजनान्तर्गत प्रोजेक्ट कास्ट सीमा अधिकतम 10 लाख रुपए है। ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने हेतु इच्छुक महिला पुरूष की उम्र 18 से 50 वर्ष तक की आयु होनी चाहिए। परियोजना लागत के सापेक्ष बैंक द्वारा वितरित किये गये टर्म लोन पर सामान्य वर्ग को 4 प्रतिशत स्वयं द्वारा तथा शेष विभाग द्वारा और आरक्षित वर्ग को सम्पूर्ण ब्याज विभाग द्वारा देय होगा। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 मई .2022 है।

# धन निरंकार समूह द्वारा मनाया गया मानव एकता दिवस

**अखंड भारत संदेश**


सत्संग में उपस्थित भक्त

**कौशाम्बी।** विश्व धन निरंकार समूह द्वारा जनपद कौशांबी के आईडी त्रिपाठी महाविद्यालय टेवां मे 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस मनाया गया इस मौके पर धन निरंकार परिवार के सैकड़ों भक्त श्रद्धालु एकत्रित हुए और मानवता का संदेश देने की चर्चा किया साथ ही नर सेवा नारायण सेवा करना ही प्रमुख धर्म बताया गया मानव को मानव से प्रेम बनाए रखना और एक दूसरे को एकजुट होकर ब्रह्म की प्राप्ति भ्रम की समाप्ति ही मानव का मुख्य उद्देश्य है संत निरंकार मिशन 90 वर्षों से मानव को मानव से जोड़ने का कार्य कर रहा है भारत के अलावा विश्व के 60 देशों में मानवता को मानवता से जोड़ने का कार्य मिशन कर रहा है धन निरंकार मिशन का उद्देश्य है मानवता को कायम रखना मानव से मानव को जोड़ कर रखना जीवो पर दया करना, सत्य ईश्वर है और आत्मा में ही परमात्मा का वास है मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा सभी मानव मानव से प्रेम करें जीवो से प्रेम करें किसी का अहित न करें किसी से छल कपट ना करें उक्त बातें धन निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों ने कही इस अवसर पर सेवादार रामबाबू मौर्य, धर्मेंद्र सरोज, विजय सरोज ,विपिन कुमार, मीरा मौर्य, रंजना देवी आदि सेवादारों ने सेवा कार्य करके मानवता का संदेश दिया।

# बंद सार्वजनिक शौचालय का मानदेय खा रहे ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी

## ए डी ओ पंचायत लगातार बंद शौचालय का करते रहे भुगतान आखिर कब जिला अधिकारी भ्रस्ट कर्मचारी पर लेगें संज्ञान, जिले के आला अधिकारी क्या बगैर सार्वजनिक शौचालय सफाई के लूट लिये मानदेय की प्रधान व कर्मचारी से करा पायेगें वसूली



दुर्दशा ग्रस्त शौचालय

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सिराथू विकास खण्ड के अहिरारा ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बड़ी दयनीय है टूट चुकी शौचालय की टोटी गंदगी का अंबार है सिर्फ भगवान भरोसे खुला दरवाजा छोड़ कर घर बैठे सफाई कर्मी मानदेय ले रहे हैं आखिर कौन करेगा सफाई की जांच स्थिति से देखकर लगता है कि हैंड ओवर के बाद कोई देखने ऊधर नही गया सरकार की योजनाओं का बंटाधार कर दिया शौचालय ध्वस्त है वीडियो देखकर शायद जिले के आला अधिकारी करा पाये इन लोगों से लूट रहे मानदेय की वसूली आखिर सफाई नही तो मानदेय कैसा, योगी सरकार के सफाई अभियान को जिम्मेदार बट्टा लगा रहे है।

### रिटायर्ड सिपाही के बक्से से लाखों कामाल गायब

**कौशांबी।** पश्चिम सरीरा कोतवाली क्षेत्र के कोरीपुर गांव निवासी ज्ञान सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होकर छत्तीसगढ़ में ही परिवार सहित रहते हैं 2 फरवरी को वह अपनी पत्नी सत्यभामा के साथ कोरीपुर गांव शादी में शामिल होने आए थे शादी कार्यक्रम से खाली होने के बाद वह छत्तीसगढ़ वापस जा रहे थे उनका कहना है कि उन्होंने पत्नी के लाखों रुपए के जेवर अपने बक्से में रख दिया था इसी बीच कोरी पुर घर के दरवाजे में बिल्डिंग मिस्त्री से कुछ काम कराना था मौका मिलते ही बिल्डिंग मिस्त्री ने उनके बक्से से लाखों रुपए के जेवरात निकाल लिया है इस बात की जानकारी उन्हें छत्तीसगढ़ वापस पहुंचने के बाद हुई है मामले की सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दिया है लेकिन कार्यवाही नहीं हो सकी है जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया है।

### ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूल किट आवेदकों के होंगे साक्षात्कार

**कौशाम्बी।** एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूल किट योजनान्तर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदित अभ्यर्थियो का साक्षात्कार 30 अप्रैल व 01 मई को साक्षात्कार समिति के माध्यम से कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन उद्यमिता विकास केन्द्र, कौशाम्बी में होगा यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने दी उन्होंने सभी सम्बन्धित आवेदकों को मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करने करने का आग्रह किया।

### विधवा की जमीन पर जबरिया कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के भैला मखदुमपुर गांव निवासी विधवा रीता देवी पत्नी शिव धीरज की भूमि धरी जमीन पर पुलिस विभाग का सेवानिवृत्त सिपाही जबरिया कब्जा कर रहा है बताया जाता है कि सेवानिवृत्त सिपाही छितानी कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव का रहने वाला है विधवा महिला ने जब जमीन पर कब्जा करने से मना किया तो सिपाही दबंगई कर गाली गलौज मारपीट पर उतारू है पीड़ित महिला ने करारी थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिटायर्ड सिपाही पर कार्यवाही की मांग की है।



खेल कार्यक्रम में शामिल खिलाडी

# ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कौशांबी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 24 अप्रैल को एस.एन.शिशु शिक्षा मंदिर में किया गया जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय पांडेय ने किया डिस्टिक सेक्रेट्री राघवेंद्र शुक्ला डिप्टी चीफ आर्बिटर स्वधा द्विवेदी और नौशीन मौजूद रहे। चार चक्र की समाप्ति पर परिणाम निम्न हैं पहला स्थान आरोही यादव दूसरे स्थान संस्कृति यादव तीसरे स्थान अनुराग पाण्डेय चौथे स्थान पर मयंक दत्त पांचवें स्थान हिमांशु मिश्रा को मिला सरस्वती ज्ञान मंदिर के सचिव ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता प्रत्येक माह की अन्तिम रविवार को एस एन शिशु शिक्षा मंदिर में किया जाता रहेगा जिससे कौशांबी के खिलाड़ियों को भविष्य में होने वाले प्रतियोगिता में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

## न्यूज झरोखा

### मंझनपुर कोतवाल ने फरियादियों की समस्याओं का किया निस्तारण



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली पर थाना दिवस का आयोजन किया गया थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सीओ एसडीएम के साथ कोतवाल ने सुना और समस्याओं का निस्तारण किया। मंझनपुर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में उप जिला मजिस्ट्रेट क्षेत्राधिकारी मंझनपुर तहसीलदार मंझनपुर एवं क्षेत्रीय लेखपाल राजस्व निरीक्षक प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर सभी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गण द्वारा प्रति भाग लेकर जनता की समस्याओं का निराकरण कराया गया।

### मंझनपुर चौराहा से पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण



**कौशांबी।** मंझनपुर चौराहा और उसके आसपास अवैध तरीके से लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था टैंपू अड्डा भी चौराहे के पास सड़क पर बना था मामले को गंभीरता से लेते हुए मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने मंझनपुर चौराहे से अवैध अतिक्रमण बस अड्डा टेंपो स्टैंड को हटवा कर दूरस्थ खाली स्थान पर कराया है मंझनपुर चौराहा से अतिक्रमण हटाए जाने और बस अड्डा टैंपू अड्डा को हटाए जाने से चौराहे पर जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

### पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** तहसील सिराथू अंतर्गत ग्राम सभा अंदावा में श्छए धर्मेंद्र सोनकर द्वारा गांव के लोगों को एकत्रित कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केवाईसी आयुष्मान भारत आदि कॉमन सर्विस सेंटर की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। आपको बता दें कि वी एल ई द्वारा सीएससी बैनर लगाकर किसानों को गांव में एक जगह एकत्र कर प्रधानमंत्री द्वारा दी जा रही सेवाओं के विषय में अवगत कराना तथा उनका लाभ पाने के लिए किन-किन बिंदुओं पर कार्य करना है इसके विषय में जानकारी दी गई।

### आम आदमी पार्टी के नेताओं ने की बैठक



**कौशाम्बी।** आम आदमी पार्टी के नेताओं की एक बैठक मंझनपुर में रविवार को संपन्न हुई है बैठक में आगामी नगर पालिका चुनाव की रणनीति बनाई गई है नगर पालिका के आगामी चुनाव के संबंध में मोहल्ला हजरतगंज में आम आदमी पार्टी के पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी सुखराम सरोज के आवास पर नवनियुक्त जिला प्रभारी संजय पाण्डेय व सहप्रभारी प्रभास्कर भूषण मिश्रा, सैफ रहमान के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई जिसमे नगरपालिका चुनाव के संगठन विस्तार के संबंद्ध में चचार्ये हुई इस मौके पर पूर्व विधानसभा सिराथू प्रत्याशी विष्णु कुमार , मंझनपुर नगरपालिका प्रभारी प्रवीण कुमार,मोहम्मद रिजवान पूर्व जिलाध्यक्ष, सूरजबली शाक्य,रति देवी, भानमती,दसिया,महारानियां अंजू रमेश अलीहुसैन, गुलामसमदानी,परमेश प्रजापति, राम दत्त पांडेय,मोहम्मद याकूब,मंजीत कुमार,शैलेश कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पत्नी के विवाद में पति ने खाया जहर गंभीर

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी जय सिंह उम्र 45 पुत्र चौधरी रविवार दोपहर 1:00 बजे पत्नी से विवाद के बाद जयसिंह ने जहरीला पदार्थ निगल लिया कमरे में पड़े जयसिंह मुंह से झाग निकल रहा था जैसे ही इसकी जानकारी आस पड़ोस वालों को हुई तो हड़कंप मच गया गंभीर हालत में जय सिंह को नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत को गंभीर देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया है।

### पालतू जानवर बना जान का दुश्मन

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत बरौली पुरवा गांव निवासी बुलाई दिवाकर उम्र 90 पुत्र कुदारी लाल रविवार की सुबह 9:00 बजे अपने जानवर को चारागाह मे चारा देने गए थे तभी उनका पालतू जानवर आक्रोशित हो उठा और बुलाई को पटक पटक कर मरणासन्न कर दिया चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुँचे लोगों ने किसी तरह आक्रोशित जानवर से बुजुर्गो की जान बचाई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एक सौ आठ ईएमटी पुलिस अश्वनी सिंह ने घायल को जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया है वहीं डॉक्टरों ने गंभीर घायल को प्रयागराज के स्वरूप रानी रेफर कर दिया है।

### महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं को पुलिस टीम ने सुना

**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न थाना पुलिस ने महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं को सुना थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा कड़ाधाम मेला क्षेत्र में महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया व वार्ता कर जागरूक किया गया साथ ही सुरक्षा एवं सम्मान हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। इसी तरह मिशन शक्ति के तहत थाना सैनी महिला बीट आरक्षी पुलिस टीम द्वारा अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया व वार्ता कर जागरूक किया गया साथ ही सुरक्षा एवं सम्मान हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। इसी तरह मिशन शक्ति के तहत थाना कौशाम्बी महिला बीट आरक्षी पुलिस टीम द्वारा अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया व वार्ता कर जागरूक किया गया साथ ही सुरक्षा एवं सम्मान हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।

# तुरंत हो जांच न आये मलेरिया से जीवन पर आंच

**अखंड भारत संदेश**

> सभी सरकारी अस्पतालों और एचडब्ल्यूसी पर मलेरिया की जांच निःशुल्क
>
> समय से जांच व इलाज न होने से जानलेवा हो सकता है मलेरिया
>
> विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल 2022) आज

**कौशाम्बी।** चार से आठ घंटे के चक्र में बुखार, सिरदर्द, शरीर दर्द, ठंड लगना, पसीना आना और मिचली व उल्टी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें। उनकी मदद से प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखा कर उनकी सलाह पर मलेरिया की जांच कराई जानी चाहिए । मच्छरों से बचाव और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच और इलाज मलेरिया से बचाव का बेहतर उपाय है । समय से जांच व इलाज न होने से मलेरिया जानलेवा हो सकता है । मलेरिया की दवा बीच में नहीं छोड़नी है। लक्षण समाप्त होने पर भी मलेरिया का पूरा इलाज करवाना है। जिला स्तरीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएची), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स (एचडब्ल्यूसी) पर मलेरिया की जांच निःशुल्क है उक्त बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के सी राय ने कही है।

उन्होंने बताया कि मलेरिया में परजीवी संक्रमण और लाल रक्तकोशिकाओं के नष्ट होने के कारण थकान की वजह से एनीमिया, दौरा या चेतना की हानी की स्थिति बन जाती है। सेरिब्रल मलेरिया में परजीवी रक्त के जरिये मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं और यह शरीर के अन्य अंगों में भी पहुंच कर हानी पहुंचाते हैं । गर्भावस्था में मलेरिया का होना गर्भवती के साथ-साथ भ्रूण और नवजात के लिए भी खतरा है । यह बीमारी मादा मच्छर एनोफीलिज के काटने के कारण होती है । अगर मलेरिया का संक्रामक मच्छर काट लेता है तो स्वस्थ मनुष्य में 10 से 14 दिन बाद यह रोग विकसित होता है। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि मलेरिया का मच्छर सामान्यतः शाम और सुबह के बीच काटता है अगर किसी स्वस्थ व्यक्ति को मलेरिया का संक्रमित मच्छर काटता है तो वह स्वयं तो संक्रमित होगा ही, दूसरे को भी संक्रमित कर सकता है मच्छर के काटने के बाद इसका परजीवी लीवर के जरिये लाल रक्त कोशिकाओं तक पहुंचता है और संक्रमण पूरे शरीर में फैलने लगता है और यह रक्त कोशिकाओं को तोड़ने लगता है । संक्रमित रक्त कोशिकाएं हर 48 से 72 घंटे में फटती रहती हैं और जब भी फटती हैं बुखार, ठंड लगना और पसीना आने जैसे लक्षण भी सामने आते हैं । विश्व स्वास्थ्य संगठन का परामर्श है कि गर्भवती को मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में नहीं जाना चाहिए क्योंकि उनमें मलेरिया होने से जटिलताएं बढ़ जाती हैं। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया मलेरिया निरीक्षकों की टीम जिले में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए संबंधित विभागों और सामुदायिक योगदान के जरिये अभियान में जुटे हुए हैं, लेकिन लोगों की सतर्कता अधिक आवश्यक है मलेरिया बचाव का सबसे बेहतर उपाय है कि पूरे बांह के कपड़े पहने, मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, मच्छररोधी क्रिम लगाएं, घर में मच्छररोधी अगरबत्ती का इस्तेमाल करें घरों में कीटनाशकों का छिड़काव करें, खुली नालियों में मिट्टी का तेल डालें ताकि मच्छरों के लार्वा न पनपने पाएं, मच्छरों के काटने के समय शाम व रात को घरों और खिड़कियों के दरवाजे बंद कर लें। इन उपायों के बावजूद अगर लक्षण दिखें तो मलेरिया की जांच करवा कर इलाज करवाएं।

# आखिर कौन होगा तीन मौत का जिम्मेदार!

## यातायात थाना पुलिस या एआरटीओ

## बिना रजिस्ट्रेशन के हजारों ट्रैक्टर ट्रालियों का गलत संचालन बन चुकी है प्रथा जांच के नाम पर होता है ढकोसला

**सुशील केशरवानी**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के कनैली पुल के पास 23 अप्रैल की रात्रि 9:00 बजे बाइक सवार मिथुन गुड्डू बंसी निवासी अकबराबाद तीन युवकों की सड़क पर खड़े ट्रैक्टर की ट्रॉलियों से टकराने के बाद मौत के मामले में कई सवाल खड़े हो गए हैं आखिर सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत का जिम्मेदार कौन है आम जनता योगी सरकार से मौत के जिम्मेदारों का नाम जानना चाहती है लेकिन जिले का कोई भी अधिकारी तीन युवकों की मौत के बाद इस सवाल का जवाब देने को तैयार नहीं है अवैध वाहनों के संचालन से मौत के मामले में जिम्मेदारों को अधिकारी दोषी नहीं मानते हैं जबकि अवैध वाहनों के संचालन में जिम्मेदार बेखौफ तरीके से धन की वसूली कर अवैध वाहनों के संचालन को बढ़ावा देते हैं और पर्यवेक्षण करने वाले अधिकारी दोषियों को दंडित करने के बजाए उनके बचाव में उर्जा लगाते दिखाई पड़ते हैं आखिर इसके पीछे माजरा क्या है आम जनता सब कुछ जानती है। जिले की सड़कों पर बगैर परमिट बगैर लाइसेंस के हजारों ट्रैक्टरों में ट्रालियां लगाकर अवैध कार्यों बालू परिवहन ईटा परिवहन में ट्रैक्टर की ट्रालियां बेखौफ होकर कई वर्षों से सड़कों पर फरार्टा भर रही है जिन से आए दिन हादसे होते हैं एआरटीओ विभाग के आंकड़े बताते हैं कि इन ट्रैक्टर की ट्रालियों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है लेकिन फिर भी सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही है वाहनों के पास वैध चालक नहीं होते हैं लेकिन फिर भी अवैध सांठगांठ के चलते इन पर कार्यवाही नहीं होती है आखिर अवैध तरीकों से सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रैक्टर की ट्रालियों को रोकने की जवाबदेही किसकी है। एआरटीओ की अवैध वाहनों को रोकने की क्या जवाबदेही है लेकिन वह भी व्यवस्था से हटकर अपनी व्यवस्था चलाने में मशगूल है यातायात की व्यवस्था सुचारू चले इसके लिए यातायात पुलिस की तैनाती की गई है सैकड़ों सिपाही होमगार्ड के जवान व्यवस्था को सुधारने में लगे हैं लेकिन सड़कों पर दौड़ रहे हजारों ट्रैक्टर की बिना रजिस्ट्रेशन की ट्रालियां किसी को नहीं दिखाई पड़ रही हैं आखिर किसके संरक्षण में अवैध ट्रैक्टर की ट्रालियां बेखौफ सड़कों पर दौड़ रही हैं थाना पुलिस भी अवैध वाहनों पर कार्यवाही और वाहनों की चेकिंग का बराबर दम भरती है लेकिन सड़कों पर अवैध तरीके से बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रही हजारों ट्रैक्टर की ट्रालिया थाना पुलिस को भी नहीं दिखाई पड़ रही है अवैध वाहनों के संचालन में जिमीदारो का क्या स्वार्थ छिपा है धीरे धीरे शुरू हुआ संचालन अब अवैध वाहनों का संचालन जिले की प्रथा बन गई है जांच के नाम पर केवल ढकोसले बाजी होती है। बाइक सवारों के हादसे के वक्त बीच सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर दिया गया था या फिर पीछे बाइक सवारों के आने पर ब्रेक लगाकर ट्रैक्टर को अचानक सड़क पर रोक दिया गया है यह किसने देखा है तीन युवकों की मौत के बाद स्थानीय थाना और चौकी पुलिस तो अवैध वाहन के बचाव में इस तरह से बयान बाजी करने लगी है कि सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा था जैसे थाना चौकी पुलिस चशमदीद गवाह रही हो दो वर्षों से लगातार योजना चलाए जाने के बाद भी ट्रैक्टर के पीछे रेपलेक्टर के संकेत नहीं लगाए गए थे जिससे पीछे का हिस्सा अंधेरे में बाइक चालक नहीं देख सके और हादसे के शिकार हो गए तीन बेकसूर युवकों के मौत का दोषी कौन है और दोषी पर क्या कार्यवाही होगी अवैध तरीके से बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रही ट्रैक्टरों की ट्रालियों पर कठोर कार्यवाही की गई होती तो शायद बीच सड़क पर अवैध वाहन खड़ा करने की जुर्रत वाहन चालक की नहीं होती और बीच सड़क पर वाहन से टकराकर 3 निर्दोष मासूम बालकों की मौत नहीं होती तीन बालकों की मौत होने से तीनों परिवार उजड़ गए हैं उन पर दुख के पहाड़ टूट पड़े हैं आखिर तीनों परिवार की बबार्दी का जिम्मेदार कौन है इस बात का उत्तर आम जनता योगी सरकार से चाहती है।

## संपादकीय

# पुरुषार्थ का समन्वय है 'प्रधानमंत्री संग्रहालय'

**तीन** मूर्ति परिसर में ही प्रधानमंत्री संग्रहालय क्यों बनाया गया? यह जिज्ञासा भी हो सकती है और इसे प्रश्न भी कह सकते हैं। ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इसका समाधान नृपेंद्र मिश्र के कथन में है। प्रधानमंत्री संग्रहालय के लोकार्पण का अवसर था। वे नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय के अध्यक्ष हैं। इस रूप में वे तीन मूर्ति परिसर के विधिवत प्रधान हैं। प्रधानमंत्री संग्रहालय का निर्माण उनकी निगरानी में हुआ है। वश्य ही इसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। शुरू से ही वे समय-समय पर प्रगति की समीक्षा और अपनी सलाह देते रहे हैं। संस्था के प्रधान होने के कारण बहुत स्वाभाविक है कि नृपेंद्र मिश्र लोकार्पण के समय पहला अर्थात स्वागत भाषण करते और किया भी। उन्होंने अपने संक्षिप्त भाषण में जो कहा वह कई दृष्टियों से अत्यंत महत्वूपर्ण है। उन्होंने कहा कि ह्ययह संग्रहालय भविष्य में हाउस ऑफ डेमोक्रेसी, लोकतंत्र का मठ के रूप में पहचाना जाएगा। दूसरी बात जो उन्होंने कही, वह उस प्रश्न का उत्तर है जो कुछ लोग पूछ सकते हैं, ह्यप्रधानमंत्री संग्रहालय के स्थल चयन पर भी व्यापक विचार-विमर्श हुआ था। अगर अन्यत्र स्थान पर संग्रहालय का निर्माण होता तो देश के प्रथम प्रधानमंत्री के पूर्व स्थापित संग्रहालय को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल पाता। इसलिए यह उपयुक्त पाया गया कि पूर्व स्थापित संग्रहालय को जोड़ते हुए अब इसे प्रधानमंत्री संग्रहालय के नाम से जाना जाए। इस कथन के अभिप्राय पर बहुत दिनों तक विचार होता रहेगा। इसके अर्थ निकाले जाएंगे। उसमें यह भी खोजने की कोशिश होगी कि नए बने संग्रहालय में पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्थान उतना ही महत्वपूर्ण है या नहीं, जितना होना चाहिए। संभवतः इसका ही ख्याल रखकर नृपेंद्र मिश्र ने प्रधानमंत्री संग्रहालय को लोकतंत्र का मठ कहा। जहां मठ है, वहां महंत रहते हैं। एक मठाधीश भी होता है। संग्रहालय दो खंडों में है। पहला खंड पुराना है, जो नेहरू संग्रहालय है। उसे न केवल सुरक्षित रखा गया है, बल्कि सुसज्जित भी किया गया है। उस संग्रहालय के साथ दस जनपथ के निर्देश पर जो छेड़-छाड़ एक समय में की गई थी, उसे पुनः निर्मित कर दिया गया है। दूसरे खंड में नया संग्रहालय है। जिसमें हर प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और उनके महत्वपूर्ण आयामों को नई तकनीक का प्रयोग कर दशार्या गया है। इस तरह जो लोकतंत्र का यह मठ है, उसके मठाधीश तो पंडित जवाहरलाल नेहरू हुए। सोचिए! यह उनका महिमामंडन है या नहीं? मैं समझता हूं कि नृपेंद्र मिश्र ने मठ शब्द का प्रयोग उसके मूल भाव में किया। मूलतः भारत में मठ धर्म की रक्षा में बने थे। प्रधानमंत्री संग्रहालय जिसे उन्होंने लोकतंत्र का नया मठ बताया, वह संविधान की आत्मारूपी धर्म की रक्षा के लिए बना है। वह संसदीय लोकतंत्र है। जिसकी यात्रा अविराम तभी चलती रहेगी जब हर प्रधानमंत्री को इतिहास में उचित स्थान प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इस संग्रहालय की शुरूआत कराई थी। इसे वे देश की लोकतांत्रिक धरोहर का स्वरूप मानते हैं। जिसे उनके ही शब्दों में समझना उचित होगा, ऐसे समय में जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष का पर्व, आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब यह संग्रहालय एक भव्य प्रेरणा बनकर आया है। यही दृष्टि इस संग्रहालय के निर्माण में रही है।

# मुस्लिमों की जातियों का होगा खुलासा

प्रमोद भार्गव

स समुदाय में लंबी उम्र में विवाह की प्रवृत्ति के चलते भी यह स्थिति निर्मित हुई है। इस जाति का देश के औद्योगिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रसिद्ध टाटा परिवार इसी समुदाय से है। इस जाति को सुरक्षित रखने की दृष्टि से ही जो नागरिकता संशोधन विधेयक लाया गया है, उसमें इन्हें भारत में ही रहने के प्रावधान किए गए हैं



**बृहत्तर** मुस्लिम समाज सामान्य तौर से यह जताता है कि इस्लाम में जाति व्यवस्था नहीं है। इस भ्रम के जरिए मुसलमानों में जातीय कुचक्र को अब तक छिपाया जाता रहा है। लेकिन अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसे कानूनी कसौटी पर परखने का फैसला लिया है। दरअसल मुसलमानों में जातियां तो हैं, लेकिन दस्तावेजों में उनके लिखने का प्रचलन नहीं है। मुसलमानों में यह उदारता कुटिल चतुराई का पर्याय है। यह जांच नौकरियों में आरक्षण का लाभ लेने के सिलसिले में की जाएगी। अदालत का कहना है कि जब सरकारी रिकॉर्ड में जाति के आधार पर प्रमाणीकरण ही न किया गया हो तो फिर आरक्षण का लाभ कैसे मिल रहा है। जब कोई व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों में जाति या उपजाति का उल्लेख ही नहीं कर रहा है, तो उसे पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के कोटे में आरक्षण का लाभ कैसे मिल सकता है ? आरक्षण की व्यवस्था में वही व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाने का पात्र है, जिसे निर्धारित व्यवस्था के तहत आरक्षण पाने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो।

नौकरी या शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आरक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा जाति प्रमाण-पत्र लगाना अनिवार्य है। बावजूद इसके कई बार संबंधित विभाग या राज्य सरकारों की ह्यजाति जांच समितिह्य परीक्षण करके ज्ञात करती है कि वास्तव में आवेदक आरक्षित वर्ग या जाति से है अथवा नहीं ? इसी प्रकृति का एक मामला बॉम्बे हाईकोर्ट में आया। जुवेरिया रियाज अहमद शेख बनाम महाराष्ट्र सरकार नाम से पंजीबद्ध इस मामले में अदालत ने 7 अप्रैल 2022 को दिए आदेश में कहा कि, ह्यमुसलमानों में रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख नहीं करने की प्रथा को कानूनी तौर पर परखने का निर्णय तब लिया जब याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि कुछ प्रासंगिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के रिश्तेदारों की जाति का उल्लेख नहीं होने के कारण को जातीय जांच का आधार नहीं बनाना चाहिए था, क्योंकि बॉम्बे हाइकोर्ट के कई पूर्व फैसलों में कहा जा चुका है कि मुसलमानों में जाति का उल्लेख करने का प्रचलन नहीं है। इस दलील के समर्थन में इसी हाईकोर्ट के 4 फरवरी 2021 और 22 दिसंबर 2020 के दो पूर्व फैसलों को बतौर उदाहरण पेश किया गया था, कि मुसलमानों के संबंध में यह तय कानूनी व्यवस्था है कि उनमें जाति प्रमाण-पत्रों में जाति का उल्लेख करने का प्रचलन नहीं है। फिलहाल इस मामले की सुनवाई मई 2022 में होगी। यहां सवाल उठता है कि जब जाति ही सुनिश्चित नहीं तो जातिगत आरक्षण कैसे दिया जा सकता है ? आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था में मुसलमानों को अनुसूचित जाति वर्ग में आरक्षण नहीं मिलता है। उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में ही आरक्षण का लाभ मिलता है। दरअसल केंद्र की ओबीसी सूची में ह्यमुसलमानह्य जैसा कोई शब्द दर्ज नहीं है। लेकिन ह्यबुनकरह्य शब्द उल्लेखित है। बुनकरों में हिंदू और मुसलमान दोनों ही शामिल हैं। लिहाजा बुनकर मुस्लिम है तो उन्हें जाति प्रमाण-पत्र मिल जाता है। हालांकि अपवादस्वरूप मुसलमान जाति का जिक्र करते हैं। इनमें मोमिन और जुलाहा जैसे जाति समुदाय शामिल हैं, इन्हें ओबीसी का जातीय प्रमाण-पत्र मिल जाता है। लेकिन बड़ा विषय यही है कि यदि सरकारी रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख नहीं है, तो फिर जातीय प्रमाण-पत्र कैसे मिल सकता है ? मुस्लिम धर्म के पैरोकार यह दुहाई देते हैं कि इस्लाम में जाति प्रथा की कोई गुंजाइश नहीं है। जबकि एम एजाज अली के मुताबिक मुसलमान भी चार श्रेणियों में विभाजित हैं। उच्च वर्ग में सैयद, शेख, पठान, अब्दुल्ला, मिर्जा, मुगल, अशरफ जातियां शुमार हैं। पिछड़े वर्ग में कुंजड़ा, जुलाहा, धुनिया, दर्जी, रंगरेज, डफाली, नाई, पमारिया आदि शामिल हैं। पठारी क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम आदिवासी जनजातियों की श्रेणी में आते हैं। अनुसूचित जातियों के समतुल्य धोबी, नट, बंजारा, बक्खो, हलालखोर, कलंदर, मदारी, डोम, मेहतर, मोची, पासी, खटीक, जोगी, फकीर आदि हैं। मुस्लिमों में ये ऐसी प्रमुख जातियां हैं जो पूरे देश में लगभग इन्हीं नामों से जानी जाती हैं। इसके अलावा देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। जैसे बंगाल में मण्डल, विश्वास, चौधरी, राएन, हलदार, सिकदर आदि। यही जातियां बंगाल में मुस्लिमों में बहुसंख्यक हैं। इसी तरह दक्षिण भारत में मरक्का, राऊथर, लब्बई, मालाबारी, पुस्लर, बोरेवाल, गारदीय, बहना, छप्परबंद आदि। उत्तर-पूर्वी भारत के असम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि में विभिन्न उपजातियों के क्षेत्रीय मुसलमान हैं। राजस्थान में सरहदी, फीलबान, बक्सेवाले आदि हैं। गुजरात में संगतराश, छीपा जैसी अनेक नामों से जानी जाने वाली बिरादरियां हैं। जम्मू-कश्मीर में ढोलकवाल, गुडवाल, बकरवाल, गोरखन, वेदा (मून) मरासी, डुबडुबा, हैंगी आदि जातियां हैं। इसी प्रकार पंजाब में राइनों और खटीकों की भरमार है। इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं। जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। 1931 में हुई जनगणना में बिहार और ओड़ीसा में मुसलमानों की तीन बिरादरियों का जिक्र है, मुस्लिम डोम, मुस्लिम हलालखोर और मुस्लिम जुलाहे। बाकी जातियों को किस राजनीतिक जालसाजी के तहत हटाया गया, इसकी पड़ताल होनी चाहिए। यदि ऐसा होता है तो वास्तविक रूप से मुसलमानों में आर्थिक बदहाली झेल रही जातियों को सरकारी लाभ योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा। अल्पसंख्यक समूहों में इस वक्त हमारे देश में पारसियों की घटती जनसंख्या चिंता का कारण है। इस आबादी को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने प्रजनन सहायता योजनाओं में भी शामिल किया हुआ है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एक सर्वे के मुताबिक पारसियों की जनसंख्या 1941 में 1,14000 के मुकाबले 2001 में केवल 69000 रह गई। इस समुदाय में लंबी उम्र में विवाह की प्रवृत्ति के चलते भी यह स्थिति निर्मित हुई है। इस जाति का देश के औद्योगिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रसिद्ध टाटा परिवार इसी समुदाय से है। इस जाति को सुरक्षित रखने की दृष्टि से ही जो नागरिकता संशोधन विधेयक लाया गया है, उसमें इन्हें भारत में ही रहने के प्रावधान किए गए हैं। बहरहाल ऐसे समाज या धर्म समुदाय को खोजना मुश्किल है, जो जातीय कुचक्र के चक्रव्यूह में जकड़ा न हो। जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। अतएव आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक रूप से पीछे रह गईं जातियों को आरक्षण का लाभ इसलिए दिया जाता है, जिससे वे संविधान के समानता के सिद्धांत का लाभ उठाकर अन्य जातियों के बराबर आ जाएं। बावजूद आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सका। क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई है। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# शरीर और बुद्धि दोनों को प्रभावित करता है मन

हृदयनारायण दीक्षित


**मन** सभी ज्ञात वस्तुओं से ज्यादा गतिशील है। हमारा मन प्रायः वहाँ नहीं होता जहाँ हम होते हैं। हम घर में बैठे हैं। हमारा मन मथुरा और काशी में है। हम तीर्थाटन या पर्यटन की दृष्टि से किसी तीर्थ पर बैठे हैं। मन तीर्थों पर नहीं होता। घर चला जाता है। मन को समझने के गंभीर प्रयास हुए हैं। मन की प्रकृति को समझने के लिए पतंजलि ने बड़ा श्रम किया है। उन्होंने योग सूत्रों में (श्लोक-2) योग की परिभाषा की और कहा चित्तवृत्ति का निरोध योग है। उन्होंने चित्त की वृत्तियाँ भी बताई। मन की चर्चा ऋग्वेद में भी है। यूरोप के विद्वानों ने मन पर पूरा विज्ञान ही खड़ा कर दिया है। वे उसे अंग्रेजी में साइकोलॉजी कहते हैं। मनोविज्ञानी सिग्मंड फ्रायड ने साइको एनालिसिस नाम की सुन्दर पुस्तक लिखी है। उनके समर्थक एडलर युंग ने भी साइको एनालिसिस या मन का विवेचन किया है। मन से तरंगें निकलती हैं। हम ऐसी तरंगों को मनतरंग कह सकते हैं। यजुर्वेद के 6 मन्त्र शिव संकल्प सूक्त कहे जाते हैं। इसके रचनाकार मन की चंचलता से परिचित थे। छहों मंत्र बड़े प्यारे हैं। ऋषि कहते हैं कि हमारा मन यहाँ-वहाँ बहुत दूर आकाश पर्वतों की ओर चला गया है, ह्वहे देवताओं हमारे मन को यहीं लौटाओ। हमारा मन शिव संकल्प से भरा पूरा हो।ह्व यही बात छह मन्त्रों में दोहराई गई है। सभी मंत्रों की दूसरी पंक्ति में तन्मेमनः शिवसंकल्पमस्तु की टेक है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को मन के निग्रह का उपदेश दिया है। इधर-उधर भागते मन को एक ही विषय पर केन्द्रियभूत करना आसान नहीं है। अर्जुन ने उत्तर दिया, हे कृष्ण मन बड़ा चंचल है। इसे निग्रह करना वायु को हाथ में पकड़ने जैसा कठिन कार्य है। अर्जुन मन की चंचल प्रवृत्ति से व्यथित हैं। उसने श्री कृष्ण का ध्यान खींचा। उत्तर में श्री कृष्ण ने योग के सारभूत तत्व बताए। मन संकल्प का भी केंद्र है। हम अपने दैनिक जीवन में तमाम विचारों से प्रभावित या अप्रभावित होते हैं। हम अपनी प्रकृति को ठीक करने के लिए सत्य और शुभ को ग्रहण करने की शपथ लेते हैं। रात में सोते समय सूर्योदय के पहले जाग जाने का संकल्प करते हैं। सुबह उठते ही देर हो जाती है और संकल्प धरा रह जाता है। मेरे मन में विचार आता है कि रात में दूसरे दिन सुबह उठने का निश्चय हम ही करते हैं, लेकिन सवेरे उठते समय स्वयं अपना निश्चय काट देते हैं। मन ऐसे ही खेल खेलता है। तमाम सद्कार्यों के लिए हम सब अनुष्ठान करते हैं। संकल्प धराशायी हो जाते हैं। मन जीत जाता है। बुद्धि हार जाती है। भारतीय चिंतन में किसी भी काम को प्रारम्भ करने के लिए प्रगाढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। धार्मिक कर्मकांडों में संकल्प की व्यवस्था है। संकल्प मंत्र में दिक और काल दोनों की आराधना की गई है। यह जम्बूद्वीपे भरतखण्डे से शुरू होता है और आर्यवर्त के बाद कर्मकांड की जगह का उल्लेख होता है। संकल्प मंत्र में समय की बड़ी इकाई से लेकर छोटी सी इकाई का उल्लेख है। संकल्प मंत्र में अस्तित्व के सभी घटकों को सम्बंधित शुभ कार्य से जोड़ा गया है।

इनमें दिक्काल के सभी घटक शामिल हैं। यह एक तरह से मन को शुभकार्य से जोड़ने की कार्यवाही है। मनुष्य की पहली परत शरीर है। इसकी दूसरी परत मन है। तीसरी परत बुद्धि है। चौथी परत आत्मा है। मन शरीर के निकट है। बुद्धि के भी निकट है। मन शरीर और बुद्धि दोनों को प्रभावित करता है। शरीर को प्रभावित करने के कारण इसकी शक्ति बड़ी है। बुद्धि पर मन का प्रभाव पड़ता है। हम सब बुद्धिमानी की जगह मनमानी करते है। योग विज्ञान में मन को नियंत्रित करने के अनेक उपाय बताए गये हैं। वैसे मन की अनुकूलता सुख है और प्रतिकूलता में दुःख है। सुख-दुःख की अनुभूति मन के ताल पर ही होती है। मन के प्रभाव में चित्त दशा बनती है। मनोवैज्ञानिक सुख और दुःख दोनों को ही चित्तदशा या स्टेट ऑफ माइंड कहते हैं। चित्तदशा की निर्मिति प्रकृति के गहन अध्ययन से भी होती है और प्रकृति सृष्टि के प्रति आस्तिक या नास्तिक भाव के कारण भी होती है। मन और मनन समीपवर्ती हैं। किसी विषय पर मनन करना समीक्षात्मक भी हो सकता है अथवा आस्था जनित भी। लोक कल्याण के लिए किसी मंत्र को दोहराना भी मनन है। मन के साथ चिंतन भी जुड़ता है। तब इसे चिंतन-मनन कहते हैं। चिंतन-मनन में बुद्धि भी हिस्सा लेती है। भावना प्रधान मन बुद्धि द्वारा निकाले गए निष्कर्ष को ऊर्जा देते है।

## अभिव्यक्ति

### सौंदर्य के नुस्खे: गर्मियों में त्वचा को शीतलता प्रदान करते हैं मिट्टी के फेस पैक

शहनाज हुसैन



**गर्मियों** में चेहरे को देखभाल की ज्यादा जरूरत होती है। इस मौसम में पसीने, धूप, धूल, प्रदूषित हवा और धुएँ से त्वचा के रोम छिद्रों पर असर पड़ता है, जिसके असर को कम करने के लिए महिलाएं महँगे ब्यूटी पार्लर का सहारा लेती हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर ही मिट्टी के फेस पैक की मदद से चेहरे को ठंडक प्रदान कर सकती हैं। मिट्टी में सोडियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम सहित अनेक प्राकृतिक गुण होते हैं जो आपकी त्वचा की कोशिकाओं को स्वस्थ रख कर आपके चेहरे पर निखार ला सकते हैं। अगर सौन्दर्य और त्वचा की रंगत की बात करें तो सदियों से मिट्टी का उपयोग अलग-अलग तरह से किया जाता रहा है। मुल्तानी मिट्टी के फायदे तो आप जानते ही होंगे जो अक्सर घरेलू फेस पैक में इस्तेमाल की जाती है। मिट्टी वैसे भी त्वचा के लिए काफी अच्छी मानी जाती है क्योंकि ये त्वचा से गंदगी और विषैले तत्वों को सोख लेती है। इसमें त्वचा को स्वास्थ्य वर्धक बनाने के गुण होते हैं। मिट्टी से त्वचा के तैलीयपन को भी कम किया जा सकता है और इसके प्राकृतिक गुणों की वजह से त्वचा सही तरह से डिटॉक्स हो जाती है। मिट्टी भी अलग-अलग तरह की होती है- कुछ में त्वचा को ठण्डक प्रदान करने की क्षमता होती है और कुछ में औषधीय गुण भरपूर होते हैं। मिट्टी के फेस पैक का विभिन्न प्रकार की त्वचा पर अलग-अलग असर होता है। मिट्टी कई रंग और गुणवत्ता में आती है और इसका रंग इसमें मौजूद मिनरल्स के कारण बदलता है। पर आपकी त्वचा के हिसाब से ये निर्भर करता है कि आप मिट्टी को किस तरह से स्किन पर इस्तेमाल कर सकती हैं। मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जाता है और इसकी उपलब्धता भी ज्यादा है। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो ये मास्क काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल में मिलाकर एक पेस्ट बनाकर होंठों और आँखों को छोड़कर चेहरे पर अप्लाई करें। इसके सूखने पर इसे धो लें। अगर आपकी त्वचा पर कील-मुहांसे हैं तो मुल्तानी मिट्टी का अलग तरह का मास्क बन सकता है। इसके लिए आप चंदन पेस्ट, गुलाब जल, नीम का पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं और फिर उसे चेहरे पर लगाएं। इसे भी सूखने के बाद धो लें। अगर आपकी त्वचा पर कील-मुहांसों के दाग-धब्बे हैं तो इन्हें मिटाने के लिए मुल्तानी मिट्टी के साथ एक छोटा चम्मच नींबू का जूस और गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर सूखने के बाद धो लें। -मुल्तानी मिट्टी की तरह चीनी मिट्टी भी त्वचा की खूबसूरती के लिए काफी मददगार साबित हो सकती है। सामान्य से तैलीय त्वचा के लिए 1 चम्मच चीनी मिट्टी को थोड़े एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाएं और फिर 15 मिनट बाद सादा पानी से धो लें। यदि आपकी शुष्क त्वचा है तो आप 2 चम्मच चीनी मिट्टी पाउडर के साथ 1 छोटा चम्मच शहद और दही को मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और उसके बाद जब ये सूख जाए तो ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

# मेनिनजाइटिसः जरूरी है तुरंत इलाज

योगेश कुमार गोयल

**मेनिनजाइटिस** एक ऐसी बीमारी है, जिसे आम भाषा में दिमागी बुखार भी कहा जाता हैं। मेनिनजाइटिस को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को ह्यविश्व मेनिनजाइटिस दिवसह्ल मनाया जाता है। दरअसल यह बीमारी इतनी खतरनाक है कि कुछ मामलों में लक्षण दिखने के कुछ घंटे में मरीज की जान ले सकती है। दिमागी बुखार वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के जरिये फैलता है। यही कारण है कि दिमागी बुखार होने पर इसका तुरंत इलाज बेहद जरूरी है अन्यथा मामला गंभीर हो सकता है और मरीज की मौत भी हो सकती है।

यह एक वायरल संक्रामक रोग है लेकिन यह जीवाणु अथवा फंगल संक्रमण के कारण भी हो सकता है, जो लोगों के एक-दूसरे के निकट सम्पर्क में रहने से फैलता है। यह बीमारी मरीज के खांसने, छींकने और खाने के माध्यम से आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है और किसी भी आयु के व्यक्ति को हो सकती है। इसीलिए मेनिनजाइटिस दिवस के अवसर पर टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जाता है। मेनिनजाइटिस बीमारी एक प्रकार का संक्रमण है, जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की रक्षा करने वाले मेम्ब्रेन में सूजन पैदा कर देता है। इसीलिए इस बीमारी को मेम्ब्रेन मेनिन्जेस भी कहते हैं। यह बीमारी सबसे ज्यादा छोटे बच्चों को ही होती है। मेनिनजाइटिस ब्रेन में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के आसपास की सुरक्षात्मक झिल्लियों (मेनिन्जेस) की सूजन का कारण बनती है। मेनिनजाइटिस बीमारी में मृत्यु दर करीब दस फीसदी है अर्थात प्रत्येक 100 में से 10 मरीजों की मौत हो जाती है। हालांकि स्पेनिश बाल चिकित्सा एसोसिएशन का मानना है कि 30 फीसदी से भी ज्यादा लोग नहीं जानते कि मेनिनजाइटिस को रोका जा सकता है। मेनिनजाइटिस को खतरनाक रोग माना जाता है क्योंकि शरीर पर इसके कई हानिकारक प्रभाव देखने को मिलते हैं लेकिन बीमारी के लक्षणों को शुरूआत में ही पहचान कर इसका इलाज करा लेने से मेनिनजाइटिस के रोगी को ठीक किया जा सकता है। इस बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है कि बुखार अथवा शरीर दर्द जैसे लक्षणों को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज करने के बजाय अपने चिकित्सक से सम्पर्क कर आवश्यक जांच कराएं। इसके अलावा घर में छोटे बच्चों सहित सभी सदस्यों को मेनिनजाइटिस का टीका अवश्य लगवाएं। मेनिनजाइटिस ऐसी बीमारी है, जिसके विकसित किए गए टीके इसके जीवाणु को रोकते हैं। वैसे भी संक्रामक रोगों को रोकने के लिए टीकाकरण अभी भी सबसे प्रभावकारी तरीका है। इसीलिए इस बीमारी से बचाव के लिए बच्चों को बचपन में ही मेनिनजाइटिस के टीके लगाए जाते हैं। मेनिन्जाइटिस के टीके इस बीमारी के मुख्य जीवाणुओं हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, मेनिंगोकॉकस और न्यूमोकॉकस को रोक सकते हैं। हालांकि टीके से बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस की रोकथाम होती है, जो ज्यादा खतरनाक होता है। वायरल मेनिनजाइटिस, बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस की तुलना में कम गंभीर होता है। सामान्य प्रतिरक्षा प्रणाली वाले अधिकांश व्यक्ति, जो वायरल मेनिनजाइटिस से पीड़ित हैं, प्रायः इलाज के बिना भी ठीक हो सकते हैं जबकि फंगल मेनिनजाइटिस संक्रमण केवल कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को प्रभावित करता है। मेनिनजाइटिस को खतरनाक रोग इसलिए भी माना जाता है क्योंकि इससे शिशु का दिमाग अविकसित या अल्पविकसित हो सकता है, छोटे बच्चों को सीखने में परेशानी हो सकती है।

रोगी की याद करने की क्षमता खत्म हो सकती है और सुनने की क्षमता भी सदा के लिए जा सकती है। इस बीमारी में किडनी फेल होने का भी खतरा रहता है और कुछ मामलों में व्यक्ति की मौत भी हो जाती है।

# विश्व राजनीति का नया दौर

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिन फिंग यूक्रेन के सवाल पर अब भी रूस का साथ दिए जा रहे हैं। वे रूस के हमले को हमला नहीं कह रहे हैं। उसे वे विवाद कहते हैं। यूक्रेन में हजारों लोग मारे गए और लाखों लोग देश छोड़कर भाग खड़े हुए लेकिन रूसी हमले को रोकने की कोशिश कोई राष्ट्र नहीं कर रहा है। चीन यदि भारत की तरह तटस्थ रहता तो भी माना-जाता कि वह अपने राष्ट्रहितों की रक्षा कर रहा है लेकिन उसने अब खुलेआम उन प्रतिबंधों की भी आलोचना शुरू कर दी है, जो नाटो देशों और अमेरिका ने रूस के विरुद्ध लगाए हैं। चीनी नेता शी ने कहा है कि ये प्रतिबंध फिजूल हैं। सारा मामला बातचीत से हल किया जाना चाहिए। यह बात तो तर्कसंगत है लेकिन चीन चुप क्यों है? वह पुतिन और बाइडेन से बात क्यों नहीं करता? क्या वह इस लायक नहीं है कि वह मध्यस्थता कर सके? वह तमाशबीन क्यों बना हुआ है? उसका कारण यह भी हो सकता है कि यूक्रेन-हमले से चीन का फायदा ही फायदा है। रूस जितना ज्यादा कमजोर होगा, वह चीन की तरफ झुकता चला जाएगा। चीन आगे-आगे रहेगा और रूस पीछे-पीछे ! रूस की अर्थव्यवस्था इतनी कमजोर हो जाएगी कि मध्य एशिया और सुदूर एशिया में भी रूस का स्थान चीन ले लेगा। शीतयुद्ध के जमाने में अमेरिका के विरुद्ध सोवियत संघ की जो हैसियत थी, वह अब चीन की हो जाएगी। चीन ने संयुक्तराष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस के पक्ष में वोट देकर पुतिन के हाथ मजबूत किए हैं ताकि इस मजबूती के भ्रमजाल में फंसकर पुतिन गल्तियों पर गल्तियां करते चले जाएं। चीन ने यूक्रेन में हो रहे अत्याचारों को भी पश्चिमी प्रचारतंत्र की मनगढ़ंत कहानियां कहकर रद्द कर दिया है। पुतिन का साथ देने में शी ने सभी सीमाएं लांघ दी हैं। वे एक पत्थर से दो शिकार कर रहे हैं। एक तरफ वे अमेरिका को सबक सिखा रहे हैं और दूसरी तरफ वे रूस को अपने मुकाबले दोयम दर्जे पर उतार रहे हैं।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने वापसी पर गोल किया, पर मैनचेस्टर यूनाईटेड हारी

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाईटेड क्लब में वापसी करते हुए 100वां प्रीमियर लीग गोल दागा लेकिन टीम को आर्सेनल से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। रोनाल्डो अपने



नवजात बेटे के निधन के कारण मैनचेस्टर यूनाईटेड के पिछले मैच में नहीं खेल पाये थे जिसमें टीम मंगलवार को लिवरपूल से 0-4 से हार गयी थी। रोनाल्डो ने 34वें मिनट में गोल किया। उन्होंने सोमवार को घोषणा की थी कि जुड़वां नवजात में से एक का निधन हो गया है।

## हमने शुरुआती ओवरों में ही मैच गंवा दिया था : डुप्लेसिस

**मुंबई ।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शर्मनाक हार झेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने शनिवार को यहां कहा कि उनकी टीम ने शुरुआत कुछ ओवरों में ही मैच गंवा दिया था। आरसीबी की टीम इस मैच में महज 68 रन पर आउट हो गई। हैदराबाद ने 8 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाकर मैच जीत लिया।

डुप्लेसिस ने मैच के बाद कहा कि हमने शुरुआती कुछ ओवरों में 4-5 विकेट खोकर मैच को गंवा दिया था। शुरुआत में गेंदबाजों को मदद मिल रही थी लेकिन आपको इससे निपटने का तरीका आना चाहिए। बाद में पिच आसान होते चली गई और अगर हमने शुरुआत में विकेट नहीं गंवाये होते तो बड़ा स्कोर खड़ा कर सकते थे। हमें लगा था कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होगी लेकिन किसी भी पिच पर शुरुआती ओवरों में आपको सावधानी बरतनी होती है। उन्होंने मैच के दूसरे ओवर में लगातार गेंदों में अपना और विराट कोहली के विकेट लेने के बाद अनुज रावत को भी पवेलियन भेजने वाले तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की तारीफ की। मार्को यानसेन ने (अपने) पहले ही ओवर में घातक गेंदबाजी की। उन्होंने दोनों तरफ गेंद को स्विंग कराया और कुछ बड़े विकेट लिए।

## आईपीएल प्लेऑफ का शेड्यूल आया सामने, इस स्टेडियम में खेला जाएगा फाइनल मैच

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बोर्ड की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद शनिवार को पुष्टि की कि तीन टीमों की महिला चैलेंजर का आयोजन 24 से 28 मई तक लखनऊ में होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़े



एक प्रमुख विकास में प्ले-ऑफ और एलिमिनेटर मैच 24 और 26 मई में कोलकाता में खेले जाएंगे, जबकि दूसरा प्लेऑफ और फाइनल 27 और 29 मई को अहमदाबाद में खेले जाएंगे। इन मैचों में स्टेडियम में दर्शकों की पूरी मौजूदगी होगी। बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली ने कहा कि महिला चैलेंजर सीरीज 24 से 28 मई के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होगी। जहां तक ??पुरुषों के आईपीएल नॉकआउट चरण के मैचों का संबंध है। यह कोलकाता और अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। इसमें 22 मई को लीग चरण के समापन के बाद खेले जाने वाले मैचों के लिए दर्शकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की मंजूरी होगी।

# बेंगलुरु की शर्मनाक हार, हैदराबाद ने 9 विकेट से जीता मैच

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2022 का 36वां मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। हैदराबाद की टीम ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी के लिए बेंगलुरु की टीम जेनसन और नटराजन की रफ्तार के आगे ढेर हो गई और 68 रन पर पूरी टीम ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने आई हैदराबाद की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर इस 8 ओवर में 72 रन बना लिए और मैच जीत लिया।

मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेलने उतरी रॉयल चैलेंजर्स



बेंगलुरु की शुरूआत बेहद खराब रही। दूसरे ही ओवर में बेंगलुरु ने अपने टॉप-3 बल्लेबाजों को गंवा लिया। तेज गेंदबाज मार्को जेन्सन ने पारी के दूसरे ओवर में ही बेंगलुरु के यह तीन झटके दिए।

आरसीबी के लिए पहली विकेट कप्तान फाफ डु प्लेसिस के रूप में गिरी जिन्होंने 7 गेंदों में महज 5 रन बनाए। इसके बाद क्रीज पर आए विराट कोहली फिर से गोल्डन डक का शिकार हो गए। उन्हें मार्को ने मार्करम के हाथों आऊट कराया। ओवर की आखिरी गेंद पर अनुज रावत भी मार्करम को कैच थमाकर पवेलियन लौट गए। 47 रन पर बेंगलुरु का 7वां विकेट गिरा। सुयश प्रभुदेसाई 15 रन बनाकर सुचिथ की गेंद का शिकार बने। इसके बाद सुचिथ ने कार्तिक को शून्य पर आउट करके टीम को छठी सफलता दिलाई।

उमरान मलिक ने शहबाज अहमद को 7 रन पर आउट करके बेंगलुरु की टीम को 7वां झटका दिया। नटराजन ने हर्षल पटेल को 4 रन पर आउट करके टीम को 8वीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने वानिंदु हसरंगा को भी आउट कर अपना तीसरा शिकार बनाया। भुवनेश्वर कुमार ने सिराज को 2 रन पर आउट करके बेंगलुरु की टीम को 68 रन पर ऑलआउट कर दिया। हैदराबाद को पहला झटका अभिषेक शर्मा के रूप में लगा। अभिषेक शर्मा 28 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाकर हर्षल पटेल की गेंद पर कैच आउट हो गए। कप्तान केन विलियमसन ने 17 गेंदों पर 16 रन और राहुल त्रिपाठी ने 3 गेंदों पर 7 रन बनाकर टीम को 9 विकेट से बड़ी जीत दिलाई।

## काउंटी में दोहरे शतक के बाद पुजारा ने जड़ा शतक, टीम इंडिया में जगह बनाने की दौड़ में शामिल

**वार्सेस्टर।** भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार फॉर्म जारी रखते हुए वॉरसेस्टरशर के खिलाफ ससेक्स के लिए लगातार दूसरा शतक जड़ा लेकिन अपनी टीम को 'फॉलो-ऑन' से नहीं बचा सके। पुजारा ने 206 गेंद में 109 रन बनाकर अपना 52वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। उन्होंने सत्र के पहले मैच में डर्बीशर के खिलाफ नाबाद 201 रन बनाए थे। पुजारा की पारी में 16 बाउंड्री शामिल थी जिससे वह वॉरसेस्टरशर के पहली पारी में 491 रन के जवाब में ससेक्स को 269 रन के स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। दूसरे दिन 85 रन पर बल्लेबाजी कर रहे पुजारा ने तीसरे दिन दूसरे डिवीजन के मुकाबले में पुल शॉट से अपना शतक पूरा किया। पुजारा



का रन जुटाना उन्हें भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखेगा क्योंकि टीम पिछली अधूरी रही श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड आएगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लंबे समय तक खराब फॉर्म के कारण पुजारा को भारत की टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था।

## ओस्लो स्पोर्ट्स कप शतरंज - नीदरलैंड के जॉर्डन को हराकर प्रग्गानंधा की शानदार शुरुआत

**ओस्लो , नॉर्वे ।** दुनिया का अपनी तरह का पहला शतरंज ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट ओस्लो स्पोर्ट्स कप विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन , भारत के प्रग्गानंधा , नीदरलैंड के अनीश गिरि और अजरबैजान के शकरियार ममेद्यारोव की शानदार जीत के साथ शुरू हुआ ।

कार्लसन, जो की मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर में जीत की हैट्रिक लेने का प्रयास कर रहे है , ने पोलिश नंबर 1 और विश्व कप विजेता जान डूडा को 2.5-0.5 के बड़े अंतर से पराजित करते हुए बेहतरीन शुरुआत की । कार्लसन नें पहला और तीसरा मुक़ाबला काले मोहरो से अपने नाम किया जबकि दूसरा मुक़ाबला उन्होने ड्रॉ खेला । पहले राउंड के दूसरे हीरो रहे भारत के प्रग्गानंधा जिन्होने अन्य अपने विरोधी नीदरलैंड के



जोर्डन वान फॉरेस्ट को कार्लसन के ही अंदाज मे सिर्फ तीन मैच मे 2.5-0.5 से पराजित किया ,पहले और तीसरे मैच में काले मोहरो से प्रग्गानंधा जीते जबकि दूसरा मुक़ाबला ड्रॉ रहा इस मुक़ाबले में प्रग्गानंधा की एंडगेम की काबलियत उभर कर सामने आई । अन्य दो मुकाबलों में वियतनाम के ले कुयांग लिम को शाकरियार मामेद्यारोव से तो कनाडा के एरिक हेनसेन को नीदरलैंड के अनीश गिरि से चार मुकाबलों में 2.5-1.5 से हार का सामना करना पड़ा ।

## टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी पांच मैचों की टी20 सीरीज, शेड्यूल आया सामने

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के समापन के बाद टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी जिसका पहला मैच 9 जून को नई दिल्ली में होना है। यह पांच मैचों की टी20 सीरीज 11 दिनों तक होगी जिसका समापन बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अंतिम मैच के साथ होगा।

यह 2022 में घर पर भारत की तीसरी टी20 इंटरनेशनल श्रृंखला होगी, उन्होंने इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज और श्रीलंका दोनों को 3-0 से हराया। ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2022 कुछ ही महीने दूर हैं, यह मेजबानों के लिए अपनी बेंच स्ट्रेंथ के साथ प्रयोग करने का एक अच्छा अवसर होगा।

भारत का सबसे छोटे प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ थोड़ा बेहतर रिकॉर्ड है जिसने अपने 15 मैचों में से नौ जीते हैं और प्रोटियाज ने 6 में जीत दर्ज की है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के सीईओ फोलेत्सी मोसेकी ने कहा कि हम सीजन के लिए प्रोटियाज पुरुषों के यात्रा कार्यक्रम में इन जुड़नार को जोड़ने के लिए उत्साहित हैं। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप और अगले साल भारत में



आईसीसी विश्व कप होने वाला है। ऐसे में यह हमारी टीम के लिए एक विशाल सफेद गेंद का दौरा है।

उन्होंने कहा कि यह कहने की जरूरत नहीं है कि खेल का समय हमारी टीम के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अपने संयोजन को सही करना चाहते हैं। हम एक विस्फोटक और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला होने का वादा करते हैं।

**भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज का शेड्यूल**

पहला टी20 : 9 जून, नई दिल्ली  
दूसरा टी20: 12 जून, कटक  
तीसरा टी20: 14 जून, विजाग  
चौथा टी20: 17 जून, राजकोट  
पांचवां टी20 : 19 जून, बेंगलुरु

## कप्तान केन विलियमसन का खुलासा, इसलिए पावरप्ले में मिल रहे विकेट

**मुंबई ।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर 9 विकेट से शानदार जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों और बल्लेबाजों को दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 69 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 8 ओवर में ब्रेबोर्न स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। मार्को जेनसेन और टी नटराजन ने तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी को 68 रन पर समेट दिया और एसआरएच की व्यापक जीत का मार्ग प्रशस्त किया। मैच के बाद केन विलियमसन ने कहा कि खिलाड़ियों ने अच्छी गेंदबाजी की और हमने अच्छी पकड़ बनाई। यह शानदार प्रदर्शन था, लेकिन हमारे लिए यह अगली



चुनौती के बारे में है। इस सीजन में गेंद बहुत अधिक स्विंग कर रही है, इसलिए हम पावरप्ले में विकेट ले रहे हैं। वह (जानसेन) मैदान के बाहर हमेशा हंसने के लिए तैयार रहता है, लेकिन वह बहुत ध्यान केंद्रित करता है। उसके पास ऐसा करने का कौशल है। आप जितना अच्छा कर सकते हैं उतना करना चाहते हैं। वह (अभिषेक) शानदार ढंग से गेंद को टाइम कर रहा है। आगे कुछ चुनौतियां आ रही हैं, इसलिए ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। गौर हो कि 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने तेजी से शुरुआत हुई और सलामी बल्लेबाज केन विलियमसन और अभिषेक शर्मा ने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम ने कोई भी शुरुआती विकेट नहीं खोया।

## मैच गंवाने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया- आखिर कहा हुई गलती

**मुंबई।** टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टीम की लगातार चौथी हार के बाद कहा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में हमने जैसी शुरूआत की, वैसी नहीं होनी चाहिए थी। गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही, हमें इन परिस्थितियों में इतने रन नहीं गवाने चाहिए थे। मुझे लगता है कि 160-165 रन का स्कोर ठीक है। हमने उन्हें इससे नीचे रखा। उन्होंने कहा- इस प्रारूप में सभी मैच करीबी होते हैं और हमें उनमें जीत दर्ज करनी चाहिए, तभी हम तालिका में ऊपर जा सकते हैं। पिछले चार में तीन मैच काफी करीबी रहे।

कोलकाता नाइट राइडर्स को डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात लायंस के खिलाफ खेला गया मुकाबला 8 रन से गंवाना पड़ा। हालांकि कोलकाता ने अच्छी गेंदबाजी कर गुजरात को बड़े स्कोर तक जाने से रोक लिया था लेकिन उनकी बल्लेबाजी उतनी



स्तरीय नहीं रही। मैच गंवाने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जिस तरह से हमने पीछा करते हुए पावरप्ले में शुरुआत की थी और जिस तरह से हमने पावरप्ले में भी गेंदबाजी की थी उससे हमारे हाथ से गेम निकल गई।

श्रेसय बोले- विकेट काफी मूवमेंट कर रहा था जिस कारण हम रन नहीं बना पाए। गेंद चुभ रही थी और हार्ड लेंथ खेलना मुश्किल हो रहा था। हमारा पावरप्ले काफी खराब गया। मुझे लगता है कि इस पिच पर 160-165 का स्कोर अच्छा था, लेकिन हमने उन्हें 160 से कम तक सीमित करने के लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

लड़कों ने पावरप्ले के बाद जिस तरह से वापसी की और विकेट लिए वह हमें मैच में वापस ले आए। श्रेयस बोले- क्रिकेट के इस पारूप में आपको करीबी गेम जीतने में दक्ष होना होगा। आप सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते हैं। टीम भावना को ऊपर उठा सकते हैं। हमने लगातार 4 मैच गंवाए जिनमें तीन में करीबी मुकाबले थे। निश्चित तौर पर हम खेल से पहले काफी ऊर्जा के साथ आते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम मीटिंग में बनाई योजनाओं को लागू नहीं कर पा रहे।

हम टुकड़ों में अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। हमने अभी तक व्यापक क्रिकेट नहीं खेला है, बस एक खेल की बात है जहां हमें गति मिलती है जहां से हम आगे बढ़ सकते हैं।

## भारतीय टीम में वापसी पर हार्दिक पांड्या का बड़ा बयान, मुझे नहीं लगता कि यह मेरी वापसी है

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की 69 रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत दर्ज करने में टीम की मदद की। मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने कहा कि वह वर्तमान में आईपीएल में खेलने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, न कि टीम इंडिया में वापसी के बारे में काफी सोच रहे हैं।ऑलराउंडर ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच नामीबिया के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2021 में दुबई में खेला था, लेकिन अपनी पीठ की सर्जरी के कारण दबाव के कारण अपनी छाप छोड़ने में असमर्थ थे। पांड्या ने मैच के बाद कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरी (भारत) वापसी है और दूसरी बात मैं अपनी वापसी पर ध्यान नहीं देता। मैं उस खेल पर ध्यान केंद्रित करता हूं जो मैं खेलता हूं। फिलहाल मैं आईपीएल खेल रहा हूं और आईपीएल पर ध्यान केंद्रित



करूंगा, फिर देखूंगा भविष्य कहां ले जाता है। यह अब मेरे हाथ में नहीं है। मैं उस टीम पर ध्यान केंद्रित करता हूं जिसमें मैं खेल रहा हूं। हम अच्छा कर रहे हैं और मैं बहुत खुश हूं।

पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प ने गुजरात टाइटंस को 156/9 पर प्रतिबंधित कर दिया गया और इसका कारण आंद्रे रसेल का 20वें ओवर में चार विकेट लेना रहा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि हम 10-15 रन कम थे वे बहुत मजबूत थे। लेकिन जिस तरह के गेंदबाजी आक्रमण के साथ मौके को बनाया। विकेट में ऊपर और नीचे उछाल था। लेंथ बॉल का पिछला भाग बहुत अच्छा काम कर रहा था। ऑलराउंडर ने आगे कहा कि वह गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में अपने समय का आनंद ले रहे हैं क्योंकि वह हमेशा जिम्मेदारी लेना पसंद करते हैं।

ऑलराउंडर ने कहा, कप्तानी निश्चित रूप से मदद करती है। मैं हमेशा से एक ऐसाक्रिकेटर हूं जो जिम्मेदारी लेना पसंद करता है। मुझे इस खेल की थोड़ी समझ है कि मैंने इतने सालों तक बल्लेबाजी की है। उन्होंने कहा, आप सफल हैं क्योंकि आपको खेल की समझ है। इतने मैच खेलने के बाद मैं अपने अनुभव का उपयोग करने में सक्षम हूं। अब तक बहुत अच्छा।

## कोहली के बचाव में आए आरसीबी कोच संजय बांगड़, कहा- उन्होंने लगातार प्रदर्शन किया है

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कोच संजय बांगड़ इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में अपने दूसरे 'गोल्डन डक' के बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली के बचाव में सामने आए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में आरसीबी को 69 रन पर रोकने के बाद 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। कोहली सनराइजर्स के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हुए। वह लगातार दूसरे मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए। बांगड़ ने कहा कि 'कोहली वह सब कुछ कर रहे हैं जो उनके नियंत्रण में है' लेकिन एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा दौर आता है जब क्षेत्ररक्षकों द्वारा पहली बढ़त भी ले ली जाती है। वह



(कोहली) वह है जिसने लगातार आरसीबी के लिए प्रदर्शन किया है। खिलाड़ी इस तरह के खराब पैच से गुजरते हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत वास्तव में अच्छी तरह से की, पुणे में लगभग विजयी रन बनाए लेकिन फिर आपके पास एक अजीब रन-आउट या पहला किनारा है वह अपने बल्ले को क्षेत्ररक्षक के हाथों में पाता है।

बांगड़ ने आगे कहा कि वह निश्चित रूप से वह सब कुछ कर रहा है जो उसके नियंत्रण में है। वह अपनी फिटनेस और कौशल पर ध्यान कर रहा है और अच्छे ब्रेक ले रहा है और दबाव को अपने ऊपर नहीं आने दे रहा है। वह नियमित अंतराल पर ब्रेक ले रहा है और आगे भी ऐसा करना जारी रखेगा।

## नाइजीरियाः अवैध तेल रिफाइनरी में धमाका, 100 से ज्यादा लोगों की मौत

**अबुजाः** दक्षिण-पूर्वी नाइजीरिया की एक अवैध तेल रिफाइनरी में धमाका होने से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि



दर्जनों अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि धमाके से लगी आग आसपास की संपत्तियों तक फैल गई है। आइमो के राज्य सूचना आयुक्त डेक्लान एमेलुम्बा ने बताया कि रात आग लगी तेजी से दो अवैध ईंधन भंडार तक फैल गई। उन्होंने कहा कि धमाके की वजह और मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाया जा रहा है।

## डब्ल्यूएचओ का डराने वाला दावाः बच्चों में पाए जा रहे अज्ञात मूल के 'हेपेटाइटिस' के मामले, ये बड़े देश चपेट में

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बच्चों में अज्ञात मूल के हेपेटाइटिस के लगभग 170 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से कम से कम एक की मौत की पुष्टि पहले ही हो चुकी है। मामले 1 महीने से 16 साल की उम्र के हैं, जिनमें 17 बच्चों (लगभग 10फीसदी) को लीवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि 21 अप्रैल 2022 तक, डब्ल्यूएचओ यूरोपीय क्षेत्र के 11 देशों और अमेरिका के डब्ल्यूएचओ क्षेत्र के एक देश से अज्ञात मूल के तीव्र हेपेटाइटिस के कम से कम 170 मामले सामने आए हैं।

**ये बड़े देश चपेट में**

यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड (यूनाइटेड किंगडम) में 114, स्पेन (13), इजराइल (12), संयुक्त राज्य अमेरिका (9), डेनमार्क (6), आयरलैंड ( 5), नीदरलैंड (4), इटली (4), नॉर्वे (2), फ्रांस (2), रोमानिया (1), और बेल्जियम में 1 मामले हैं।

**अज्ञात मूल का हेपेटाइटिस से बच्चों को परेशानी**

डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि यूनाइटेड किंगडम यानी ब्रिटेन जहां कोरोना अपने चरम पर है वहा बच्चों में एडेनोवायरस संक्रमण में वृद्धि देखी गई है लेकिन इनमें से किसी भी मामले में एक्यूट वायरल हेपेटाइटिस (हेपेटाइटिस वायरस ए, बी, सी, डी और ई) का कारण बनने वाले सामान्य वायरस का पता नहीं चला है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रा या अन्य देशों के लिंक को कारकों के रूप में पहचाना नहीं गया है। संगठन ने यह भी निर्दिष्ट किया कि वर्तमान स्थिति के लिए यात्रा प्रतिबंध आवश्यक नहीं हैं।

## पोलैंड में दूसरी कोयला खदान में भूकंप के बाद दस खनिक लापता

**वारसा।** दक्षिण पोलैंड में स्थित कोयला खदान के अधिकारियों ने कहा कि बोरिनिया-जोफियोवका खदान में भूमिगत भूकंप और मीथेन गैस के रिसाव के बाद 10 कर्मचारियों के साथ उनका संपर्क टूट गया है। हादसा शनिवार तड़के तीन बजकर 40 मिनट पर करीब 900 मीटर जमीन के नीचे हुआ। चेक सीमा के पास जस्त्रजेबी-जड्रोज शहर के आसपास कोयला खनन क्षेत्र में केवल चार दिनों में यह दूसरी दुर्घटना थी।

प्रधानमंत्री मैटयुज मोराविएकी ने ट्विटर पर कहा कि यह खनन क्षेत्र से 'फिर से विनाशकारी खबर' थी। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं लापता लोगों और उनके रिश्तेदारों के साथ हैं। पनिओवेक खदान में बुधवार को मीथैन गैस से हुए विस्फोट में पांच की मौत हो गई थी, सात लोग लापता हो गए और दर्जनों घायल हो गए थे। नए विस्फोटों में सात बचावकर्मियों के घायल होने के बाद वहां लापता लोगों की तलाश रोक दी गई थी।

दोनों खदानें जस्त्रजेबस्का स्पोल्का वेग्लोवा, या जेएसडब्ल्यू, कंपनी द्वारा संचालित की जाती हैं। जेएसडब्ल्यू कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बोरिनिया-जोफियोवका खदान में 52 श्रमिक भूकंप प्रभावित क्षेत्र में थे और उनमें से 42 को कोई चोट नहीं आई है वे अपने दम पर शाफ्ट छोड़ने में सक्षम थे। लापता 10 खनिकों को बचाने के लिए 12 दलों ने अभियान शुरू किया है।

## यूक्रेन में रूस कर रहा नरसंहार, हमले में 3 माह की बच्ची की मौत पर बिफरे जेलेंस्की बोले- रूसी सेना 'stinky bastards'

**कीव।** यूक्रेन-रूस जंग को शुरू हुए 2 माह से ज्यादा समय हो चुका है। इस दौरान रूसी हमलों ने यूक्रेन के कई शहर तबाह कर दिए हैं। सैंकड़ों यूक्रेनी लोग जान गंवा चुके हैं। यूक्रेन के ओडेसा शहर में रूसी हमले में 3 महीने की बच्ची समेत 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 लोग घायल हो गए। हमले में 3 महीने की बच्ची की मौत की खबर के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की रूसी सैनिकों पर भड़क गए और उन्होंने रूसी सैनिकों को 'stinky bastards' बताया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उनका मानना है कि व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक युद्ध के राजनयिक अंत करने का एकमात्र तरीका है।

**कीव में अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे जेलेंस्की**

यूक्रेन में रूसी सेना ने दक्षिणी शहर मारियुपोल में सैनिकों और नागरिकों को आश्रय देने वाले एक इस्पात संयंत्र में घुसने की कोशिश की। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर में प्रतिरोध के आखिरी गढ़ को खत्म करने की इसे रूसी कवायद बताया जा रहा है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह



जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ऐलान किया कि वह राजधानी कीव में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात करेंगे।

**व्हाइट हाउस का टिप्पणी करने से इंकार**

बहरहाल, व्हाइट हाउस ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस मुलाकात की जानकारियां साझा करने से इंकार कर दिया लेकिन कहा कि उन्हें ठोस नतीजे निकलने की उम्मीद है। यूक्रेन में 24 फरवरी को रूसी सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद से अमेरिकी मंत्रियों की कीव की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। ब्लिंकन मार्च में पोलैंड की यात्रा के दौरान यूक्रेन के विदेश मंत्री से मुलाकात करने के लिए थोड़ी देर के लिए यूक्रेन आए थे। टिप्पणी नहीं की है।

**रूस के सहयोग पर चीन को अमेरिका की चेतावनी**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में मास्को की सहायता करने पर चीन को अमेरिका ने सख्त चेतावनी दी है। अमेरिकी विदेश उप मंत्री वेंडी शर्मन ने ब्रसेल्स में हुई एक बैठक के दौरान चीन पर चर्चा हुई। जिसमें उन्होंने साफ किया चीन लगातार युद्ध में रूस का समर्थन कर रहा है। साथ ही कहा की चीन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी रूस का बचाव कर रहा है और युद्ध को जारी रखने में भी सहायता कर रहा है।

## तुर्की ने रूसी नागरिकों और सेना के लिए अपना हवाई क्षेत्र किया बंद

**तुर्की ।** तुर्की के राजदूत ने कहा कि अंकारा ने अपना हवाई क्षेत्र रूस के आम नागरिकों और सौनिकों के लिए बंद कर दिया है। राजदूत मेवलट कावूसोग्लू ने उरुग्वे की यात्रा के दौरान तुर्की के पत्रकारों के एक समूह को बताया कि रूसी उड़ानों को सीरिया तक जाने के लिए तुर्की के हवाईक्षेत्र का इस्तेमाल करने की अनुमति अप्रैल तक थी।

वहीं एक टेलीवीजिन रिपोर्ट के अनुसार, कावूसोग्लू ने शनिवार को कहा कि उन्होंने मार्च में मॉस्को की यात्रा के दौरान उससे हवाईक्षेत्र का इस्तेमाल नहीं



करने का अनुरोध किया था और रूस ने तुर्की के इस अनुरोध को मान लिया था। राजदूत ने इस पूरे मामले की विस्तार से जानकारी नहीं दी और अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या यह कदम कथित तौर पर सीरियाई लड़ाकों को रूस भेजे जाने से रोकने के लिए उठाया गया है।

गौरतलब है कि तुर्की उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य है और रूस तथा यूक्रेन के साथ अपने निकट संबंधों के बीच संतुलन बैठाने की कोशिश कर रहा है। तुर्की रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों में शामिल नहीं हुआ है, लेकिन उसने कुछ रूसी युद्धपोतों के लिए काले सागर में प्रवेश के मार्ग को बंद कर दिया था। तुर्की ने रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच एक बैठक भी कराई थी। साथ ही दोनों देशों के वार्ताकारों के बीच बातचीत में भी मदद की थी।

## इमरान खान की आतंकी गुटों से सहानुभूति ने आतंकियों को किया प्रेरित, पाक में आतंकवाद को मिला बढ़ावा

**इस्लामाबाद।** एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की आतंकी गुटों के साथ सहानुभूति व समझौता नीति ने आतंकियों को काफी प्रोत्साहित किया है। उन्होंने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से सुलह की जो पाक में प्रतिबंधित आतंकी संगठन है। पाकिस्तानी समाचार पत्र इस्लाम खबर ने बताया कि इमरान ने आतंकियों को सामान्य नागरिक कहा और वे कभी भी सैन्य समाधान के पक्ष में नहीं रहे।



रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व पाक पीएम ने तालिबान को प्रत्यक्ष समर्थन के आरोप हमेशा खारिज किए, जबकि 10,000 से ज्यादा पाकिस्तानी लड़ाके पड़ोस में पश्चिम समर्थित अफगानिस्तानी सरकार के खिलाफ तालिबान को युद्ध में मदद करते रहे। इससे देश में आतंकवाद को बढ़ावा मिला। हिंसा के अपराधियों के साथ इमरान की सहानुभूति ने खान की आतंकी नीति का उल्टा असर दिखाया और पाकिस्तान में भी आतंकी हमले बढ़ गए।पाकिस्तान में खैबर कबायली जिले और पेशावर के कुछ क्षेत्रों में हिंसक आतंकी हमले लगातार बढ़ रहे हैं। द न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक, हाल ही में खैबर स्थित दो पुलिस चौकियों और पेशावर में एक पुल को आतंकियों ने निशाना बनाया। इसमें पांच लोगों समेत एक इंस्पेक्ट व सहायक उप-निरीक्षक की हत्या कर दी गई। इनके अलावा बड़ाबेर, सरबंद और मटानी के कस्बे भी पिछले कुछ हफ्तों में लगातार आतंकवादी हमलों का शिकार हो रहे हैं।

## पीपीपी नेता ने की पुष्टि, बिलावल भुट्टो जल्द लेंगे विदेश मंत्री पद की शपथ

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी अगले एक से दो दिन में पाकिस्तान के विदेश मंत्री पद की शपथ लेंगे। पीपीपी के एक वरिष्ठ नेता ने यह पुष्टि की। इससे प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार में गठबंधन के सभी सहयोगियों के बीच सब कुछ सामान्य न होने की अटकलों पर विराम लग गया।

पाकिस्तान में विदेश मंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे बिलावल (33) ने मंगलवार को शपथ नहीं ली थी, जिससे उनकी नयी सरकार में शामिल होने में कोई दिलचस्पी न होने की अटकलों को हवा मिली थी।

हालांकि, 'जियो न्यूज' के मुताबिक, पीपीपी नेता और कश्मीर एवं गिलगित-बाल्टिस्तान से जुड़े मामलों में पाक प्रधानमंत्री के सलाहकार कमर जमान काइरा ने लंदन में संवाददाताओं से बातचीत में इस बात की पुष्टि की कि बिलावल एक से दो दिन के भीतर विदेश मंत्री पद की शपथ



लेंगे। विदेश मंत्री के रूप में शपथ नहीं लेने बिलावल हाल में लंदन पहुंचे थे, जहां उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने पाकिस्तान के 'समग्र राजनीतिक हालात' पर चर्चा की थी और सियासत व राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करने का संकल्प लिया था। इससे पहले, सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने भरोसा दिलाया था कि पीपीपी अध्यक्ष पाकिस्तान लौटने के बाद शपथ लेंगे। काइरा ने संवाददाताओं से कहा कि नवाज से मुलाकात के बाद बिलावल पाकिस्तान रवाना हो गए हैं। बिलावल पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बेटे हैं। PPP पाकिस्तान की मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार में संख्या बल के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

> **पाकिस्तान में विदेश मंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे बिलावल (33) ने मंगलवार को शपथ नहीं ली थी, जिससे उनकी नयी सरकार में शामिल होने में कोई दिलचस्पी न होने की अटकलों को हवा मिली थी।**

## चीन में कोरोनाः संक्रमण से बेहाल हुआ शंघाई, लॉकडाउन के कारण शहर में बढ़ रहा है जनाक्रोश

**शंघाई।** कोरोना वायरस का पहला मामला चीन के वुहान में सामने आया था, इसके बाद संक्रमण ने जो कहर बरपाया वह पूरी दुनिया ने देखा। अब फिर से चीन के कुछ शहर कोरोना की चपेट में हैं। सबसे ज्यादा कोरोना के मामले चीन के आर्थिक केंद्र शंघाई में हैं यहां की स्थिति बेहद खराब है और सरकार ने शहर में लॉकडाउन 26 अप्रैल तक बढ़ा दिया है इस कारण आम लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।

**लोगों का फूट रहा गुस्सा**

2.6 करोड़ की आबादी वाले शंघाई में कोरोना की मौजूदा लहर के दौरान मृतक संख्या बढ़कर 30 से ऊपर हो गई है। शुक्रवार को 12 कोरोना पीड़ितों की मौत हो गई थी। वहीं सरकार ने इंटरनेट पर पाबंदी लगाई हैं। इससे लोगों के बीच सरकार के लिए और ज्यादा गुस्सा फूट रहा है।

**वीडियो बना कर लोग परेशानी बता रहे**

हालांकि चीनी अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक नए मामले में कमी नहीं आएगी तबतक कोई छूट नहीं दी जाएगी। चीनी में लॉकडाउन का सामना कर रहे लोग घर में रहकर ही वीडियो बना कर सरकार ने अपनी परेशानी बयां कर रहे हैं लेकिन उनके वीडियो को इंटरनेट से हटा दिया जा रहा है।

## यूक्रेन को भारी हथियार देने पर चर्चा करने के लिए ब्लिंकन और ऑस्टिन कीव जाएंगे

कीवः रूसी सेना के साथ आगे की लड़ाई के लिए शक्तिशाली हथियार मांगने के अनुरोध पर यूक्रेन से चर्चा करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन रविवार को कीव का दौरा करेंगे। सर्वोच्च स्तरीय अमेरिकी अधिकारियों की यह यूक्रेन यात्रा 24 फरवरी से युद्ध की शुरूआत के बाद से पहली होगी। हालांकि व्हाइट हाउस ने ब्लिंकन और ऑस्टिन की किसी यात्रा योजना की पुष्टि नहीं की है। इस संबंध में विदेश विभाग और पेंटागन ने टिप्पणी से इनकार किया है लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को अमेरिकी अधिकारियों की इस यात्रा के बारे में जानकारी दी है। जेलेंस्की ने शनिवार की शाम को एक भूमिगत मेट्रो स्टेशन में एक चर्चा के दौरान कहा कि कल हम अमेरिका से हथियारों की सटीक सूची और डिलीवरी की गति पर चर्चा करेंगे।

जेलेंस्की की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब रूस ने मारियुपोल में एक स्टील प्लांट में जमे यूक्रेनी सैनिकों पर फिर से हमला शुरू कर दिया है। मारियुपोल पर कब्जे के लिए रूस पिछले कई हफ्तों से हमला कर रहा है। पूर्वी डोनबास क्षेत्र को क्रीमिया से जोड़ने के रूस के प्रयासों के लिए मारियुपोल पर कब्जा करना महत्वपूर्ण माना जाता है। मॉस्को समर्थित अलगाववादियों ने वर्षों से डोनबास क्षेत्र में कब्जा कर लिया है, जिसमें डोनेट्स्क के क्षेत्र, मारियुपोल और लुहान्स्क शामिल हैं। लुहांस्क के गवर्नर सेरही गदाई ने कहा कि ईस्टर की छुट्टी पर भी लड़ाई जारी थी। गदाई ने अपनी पोस्ट में बताया कि लुहांस्क क्षेत्र में सात चर्चों को रूसी सेना ने अपनी तोपों से नष्ट कर दिया है।

## नाइजीरिया की तेल रिफाइनरी में विस्फोट, 100 से अधिक लोगों की मौत

**पोर्ट हरकोर्ट।** नाइजीरिया की एक अवैध तेल रिफाइनरी में धमाका होने से शनिवार को 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। इस धमाके से आसपास के क्षेत्र में आग लगने से हालात बेकाबू हो गए। धमाके की वजह और मृतकों के सही आंकड़ों का पता लगाया जा रहा है।आइमो के राज्य सूचना आयुक्त डेक्लान एमेलुम्बा ने बताया कि नाइजीरिया के रिवर राज्य में एक अवैध तेल शोधन डिपो में विस्फोट होने के बाद आग तेजी से दो तेल डिपो तक फैल गई जिससे 100 से अधिक लोग मारे गए। पेट्रोलियम संसाधनों के राज्य आयुक्त गुडलक ओपिया ने कहा कि लोग इतनी बुरी तरह से झुलसे हुए हैं कि उन्हें पहचानना मुश्किल है। स्थानीय रूप से बंकरिंग के रूप में जाने जाने वाले पेट्रोलियम उत्पादों की चोरी और अवैध शोधन से पहले भी कई हादसे हुए हैं और सैकड़ों लोगों की जान गई है। तेल उत्पादक नाइजर डेल्टा में बेरोजगारी और गरीबी के कारण अवैध कच्चे तेल की रिफाइनिंग काफी बढ़ गई है। कच्चे तेल को प्रमुख तेल कंपनियों के स्वामित्व वाली पाइपलाइनों के एक वेब से टैप किया जाता है। इसके बाद अस्थायी टैंकों में प्रोडक्ट को रिफाइन किया जाता है। इस तरह से खतरनाक प्रोसेस से कई घातक हादसे हो चुके हैं। पिछले साल अक्टूबर में एक अन्य अवैध रिफाइनरी में विस्फोट और आग में कुछ बच्चों सहित कम से कम 25 लोग मारे गए थे। सरकारी अधिकारियों का अनुमान है कि अफ्रीका का सबसे बड़ा तेल उत्पादक और निर्यातक नाइजीरिया, पाइपलाइनों के दोहन या तोड़फोड़ करने वालों के लिए प्रतिदिन औसतन 200,000 बैरल तेल उत्पादन का 10% से अधिक नष्ट कर देता है। इसने तेल कंपनियों को नियमित रूप से तेल और गैस निर्यात पर अप्रत्याशित घटना की घोषणा करने के लिए मजबूर किया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## कोरोना : शंघाई में एक ही दिन में 39 लोगों की मौत, संक्रमण रोकने के लिए बीजिंग में हाई अलर्ट जारी

शंघाई-चीन की राजधानी में कोविड-19 संक्रमण रोकने के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शंघाई में एक ही दिन में संक्रमण से 39 लोगों की मौत हो गई। पिछले महीने संक्रमण के दोबारा फैलाव के बाद यह सर्वाधिक मौतें हैं। 1 मार्च के बाद से कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 87 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक, शनिवार को शंघाई में 23,370 नए मामले सामने आए। इसी के साथ एक मार्च के बाद से 4,66,000 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। उधर, राजधानी बीजिंग में एक ही दिन में 22 नए मामले सामने आने के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। यहां मिडिल स्कूल के दस छात्र संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद स्कूल एक सप्ताह के लिए बंद कर दिए गए। शहर में बुजुर्गों, निर्माण मजदूरों और स्कूलों में काम करने वाले लोगों की जांच बड़े पैमाने पर की जा रही है।

## नई सरकार ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को 'नो फ्लाई लिस्ट' से हटाया, कई अन्य शख्सियतों को भी मिली राहत

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की नई सरकार ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत कई हाईप्रोफाइल लोगों के नाम 'नो फ्लाइ लिस्ट' से निकाल दिए हैं। पिछले सप्ताह हुई अपनी पहली बैठक में कैबिनेट ने देश के आंतरिक मंत्रालय को यह निर्देश दिया था कि वह एग्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) की समीक्षा करे। इस लिस्ट में उन लोगों के नाम होते हैं जिन्हें देश से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आंतरिक मंत्रालय ने उन लोगों के नाम ईसीएल से हटाने के लिए अधिसूचना जारी करनी शुरू कर दी थी, जो बिना किसी उचित कारण के 120 दिन से इसमें शामिल थे। यह मंत्रालय इस समय राणा सनाउल्लाह के पास है।

**प्रधानमंत्री शरीफ और उनकी पत्नी समेत इन्हें मिली राहत**-जिन लोगों को अब बिना किसी रुकावट के अब देश के बाहर जाने की अनुमति दे दी गई है उनमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उनकी पत्नी नुसरत शहबाज, उनकी भतीजी मरयम नवाज, पूर्व प्रीमियर शाहित खकान अब्बासी, उनके बेटे अब्दुल्ला खकान और वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल शामिल हैं। इससे पहले शुक्रवार को राणा सनाउल्लाह ने कहा था कि ईसीएल में कई लोगों के नाम राजनीतिक बदले के रूप में रख दिए गए थे। उन्होंने बताया था कि ईसीएल ब्लैकलिस्ट में 4863 लोगों के नाम हैं और प्रोविजनल नेशनल अनंतिम राष्ट्रीय पहचान सूची (पीएनआईएल) में 30 हजार लोगों के नाम हैं।